Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 283 | मंगलवार, 14 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## मुख्यमंत्री योगी ने दिए निर्देश

# उत्तर प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालयों पर स्थापित होंगे दिव्यांग पुनर्वास केंद्र

**लखनऊ।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालयों पर दिव्यांग पुनर्वास केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी दिव्यांगजन समाज की मुख्यधारा से वंचित न रहे। प्रत्येक मंडल मुख्यालय पर अत्याधुनिक पुनर्वास केंद्र विकसित किए जाएं, जहां दिव्यांग व्यक्तियों को चिकित्सकीय, शैक्षिक, मनोवैज्ञानिक और व्यावसायिक सहायता एक ही स्थान पर मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार 'सेवा, संवेदना और सम्मान' के भाव से दिव्यांगजनों के समग्र सशक्तिकरण के लिए कृतसंकल्पित है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जिन जिलों में पहले से दिव्यांग पुनर्वास केंद्र संचालित हैं, उनकी सेवाओं को और सशक्त करते हुए मॉडल केंद्रों के रूप में विकसित किया जाए। वहीं जहां केंद्र नहीं हैं, वहां उन्हें प्राथमिकता के आधार पर स्थानीय जिला या सरकारी अस्पतालों के परिसर में स्थापित किया जाए ताकि चिकित्सकीय सुविधाओं के साथ इनका सहज समन्वय बन सके। यदि सरकारी अस्पताल में स्थान पर्याप्त नहीं है तो अलग भवन की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन केंद्रों में फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी, मनोवैज्ञानिक परामर्श, ऑर्थोटिक व प्रॉस्थेटिक सेवाएं, उपकरण वितरण आदि सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हों। बैठक में यह जानकारी दी गई कि वर्तमान में प्रदेश के 37 जिलों में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र कार्यरत हैं, इनमें 11 मंडल मुख्यालयों पर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन केंद्रों में तकनीकी संसाधन और विशेषज्ञ मानवबल को सुदृढ़ किया जाए। प्रत्येक केंद्र में प्रशिक्षित फिजियोथेरेपिस्ट, क्लिनिकल साइकॉलजिस्ट, प्रॉस्थेटिस्ट, ऑर्थोटिस्ट, स्पीच थैरेपिस्ट और काउंसलर की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही दिव्यांगजनों के लिए तकनीकी प्रशिक्षण, डिजिटल पंजीकरण, और ऑनलाइन ट्रैकिंग सिस्टम की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए ताकि सेवाओं की पारदर्शिता और निगरानी बनी रहे। बैठक में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में केंद्र संचालन समिति के स्वरूप पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि दिव्यांगजन केवल सहानुभूति के पात्र बनकर न रहें, बल्कि आत्मनिर्भर और योगदानकारी नागरिक के रूप में समाज की मुख्यधारा में शामिल हों। बैठक में पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कुमार कश्यप सहित विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## सार संक्षेप

### केरल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की आत्महत्या मामले में आरएसएस ने की जांच की मांग

**नई दिल्ली।**



आरएसएस ने सोमवार को केरल में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की अप्राकृतिक मौत के कारणों और इंटरनेट मीडिया पर सामने आए उनके कथित सुसाइड नोट की व्यापक जांच की मांग की।

आरएसएस दक्षिण केरल प्रांत के पदाधिकारी केबी श्रीकुमार ने दावा किया कि आनंदू अजी का कथित सुसाइड नोट उनकी मृत्यु के तुरंत बाद इंस्टाग्राम और कुछ अन्य इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों पर सामने आया है। इसमें संघ के खिलाफ कुछ संदिग्ध और निराधार आरोप लगाए गए हैं। हमारी मांग है कि आनंदू की मौत की परिस्थितियों और कथित सुसाइड नोट की व्यापक जांच कराई जाए। दूसरी तरफ, कांग्रेस ने सवाल किया कि इंटरनेट मीडिया पर साफ्टवेयर इंजीनियर आनंदू अजी द्वारा आरएसएस के शिविरों में यौन शोषण का दावा करने वाली पोस्ट सामने आने के बावजूद एफआईआर में संगठन का नाम क्यों नहीं है? कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी मामले की विस्तृत जांच की मांग की है।

### 'आरक्षण से नहीं, योग्यता से न्यायिक सेवाओं में आ रहीं 60% महिलाएं'



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायिक सेवाओं में लगभग 60 फीसदी महिलाएं मेरिट के आधार पर आ रही हैं, न कि आरक्षण से। कोर्ट महिला वकीलों के लिए चैम्बर आवंटन में आरक्षण की मांग पर सुनवाई कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि न्यायिक सेवाओं में शामिल होने वाली लगभग 60 फीसदी न्यायिक अधिकारी महिलाएं हैं। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि महिलाएं यह उपलब्धि आरक्षण के कारण नहीं, बल्कि अपनी योग्यता (मेरिट) के दम पर हासिल कर रही हैं।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने केंद्र सरकार, बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई), सुप्रीम कोर्ट के सचिव और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया है। एक याचिका पर यह नोटिस दिया गया है। इसमें देशभर की अदालतों और बार संघों में महिला वकीलों को पेशेवर चैम्बर (केबिन) आवंटित करने के लिए एक समान और लैंगिक संवेदनशील नीति बनाने की बात की गई है। याचिका में महिला वकीलों के लिए चैम्बर आवंटन में आरक्षण की मांग की गई थी। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने सवाल उठाते हुए कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से चैम्बर प्रणाली के खिलाफ हैं। उनके मुताबिक, इसके बजाय एक क्यूबिकल प्रणाली (वकीलों या कर्मचारियों को खुले हॉल में डेस्क में काम करने की जगह) और साथ बैठने की व्यवस्था होनी चाहिए, जहां वकील मिलकर काम कर सकें।

**सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी**

### मदरसे में शिक्षिकाओं के साथ छेड़छाड़ और मारपीट, मौलवी समेत सात पर मुकदमा

**नई दिल्ली।** कलियर थाना क्षेत्र के एक मदरसे में तीन शिक्षिकाओं के साथ मारपीट और छेड़छाड़ करने के आरोप में पुलिस ने मौलवी और उसके सात साथियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में ही रहने वाली एक शिक्षिका ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पिछले कई वर्षों से वह बच्चों को मदरसे में पढ़ा रही हैं। उन्होंने बताया कि 12 अक्टूबर को मदरसे में पढ़ाई के दौरान मौलवी गुलशेर ने उन्हें अपने कमरे में बुलाया और छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मौलवी ने मारपीट कर घायल कर दिया। शिक्षिका की दो सहकर्मी जब उन्हें बचाने के लिए आईं, तब मौलवी ने अपने सात साथियों को बुलाकर तीनों के साथ मारपीट की और उनके कपड़े फाड़ने का प्रयास किया। इसके साथ जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया कि मौलवी पहले से उन पर नजर रखता था।

## 'भारत महान देश और मेरे बहुत अच्छे दोस्त वहां शीर्ष पर': ट्रंप


**नई दिल्ली।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ की है। उन्होंनेभारत को एक महान देश करार दिया। साथ ही कहा कि पीएम मोदी उनके अच्छे मित्र हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि भारत एक महान देश है और मेरे एक बहुत अच्छे दोस्त वहीं शीर्ष पर हैं। उन्होंने शानदार काम किया है। ट्रंप ने यह बयान मिस्र के शहर शर्म अल-शेख में हुए विश्व नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान दिया, जो गाजा में युद्धविराम समझौते के बाद आयोजित किया गया था। गाजा में युद्धविराम समझौते के बाद मिस्र में आयोजित वैश्विक नेताओं के शिखर सम्मेलन में ट्रंप ने पीएम मोदी को अपना बहुत अच्छा मित्र करार दिया और भारत की तारीफ की। ट्रंप ने कहा कि भारत एक महान देश है और उसके शीर्ष पर मेरा एक बहुत अच्छा मित्र है, जिसने शानदार काम किया है। मुझे लगता है कि भारत और पाकिस्तान अब बहुत अच्छे से साथ रहेंगे। बता दें कि इस दौरान खास बात यह रही कि जब ट्रंप पीएम मोदी की तारीफ कर रहे थे तब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उनके पीछे ही खड़े थे।

## '2027 के बाद तीन वर्षों में मिलेगा न्याय', अमित शाह की बड़ी घोषणा

**नई दिल्ली।**



गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अपराध रोकने वाले तीन नए कानूनों के पूर्ण रूप से लागू होने के बाद भारत की न्याय प्रणाली दुनिया में सबसे आधुनिक होगी। इन कानूनों के लागू होने में अभी दो साल का समय लगेगा। 2027 के बाद जो भी एफआइआर दर्ज होगी, उसमें तीन साल के भीतर सर्वोच्च न्यायालय से न्याय मिलने की व्यवस्था होगी।

हर मामले की समय सीमा तय होगी। लोगों को 25 से 30 साल तक न्याय का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वर्तमान में देश में 50 प्रतिशत से अधिक चार्जशीट समय पर दाखिल की जा रही है। यह अगले एक साल में 90 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। शाह ने सोमवार को जयपुर में तीन नए कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर आधारित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इज आफ लिविंग के लिए कई परिवर्तन किए हैं। नए कानूनों के लागू होने से न्याय की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव आएगा। नए कानून सभी के लिए समयबद्ध, सुलभ और सरल न्याय सुनिश्चित करेंगे।

ये कानून हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली को दंड के बजाय न्याय से प्रेरित होकर संचालित करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रविधान हैं।

## मच्छिल में घुसपैठ की कोशिश

**कुपवाड़ा।**



सूत्रों ने बताया कि कुछ देर चली मुठभेड़ के दौरान हथियारों से लैस आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठाते इलाके से भाग निकले। आतंकवादियों की तलाश के लिए संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। उत्तरी कश्मीर के सीमांत जिले कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के करीब मच्छिल सेक्टर में सेना के जवानों ने सीमा पार से आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम बनाया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एलओसी के करीब कुंबकडी के वन क्षेत्र में पहले से प्राप्त इनपुट के आधार पर सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम ने कई जगह पर एंबुश लगाए हुए थे। जैसे ही आतंकवादियों के एक दल की मूवमेंट नजर आई तो जवानों ने उन्हें ललकारा जिस दौरान आतंकवादियों ने जवानों पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।

## परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में भारत की छलांग




**नई दिल्ली।**

भारत का परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम एक परिवर्तनकारी चरण में प्रवेश करने के लिए तैयार है क्योंकि इसका सबसे उन्नत और जटिल परमाणु रिएक्टर - प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) - परिचालन के लिए तैयार होने के करीब है। यह रिएक्टर तमिलनाडु के कलपक्कम में स्थित है।

कई वर्षों की देरी और तकनीकी बाधाओं के बाद, पीएफबीआर आखिरकार ईंधन भरने के करीब पहुंच गया है। इस सप्ताह, भारतीय परमाणु नियामक द्वारा रिएक्टर कोर में परमाणु ईंधन भरने की औपचारिक मंजूरी दिए जाने की उम्मीद है, जो एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह भारत के तीन-चरणीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरूआत का प्रतीक होगा। एनडीटीवी से बातचीत में परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार मोहंती ने पुष्टि की, ‘ईंधन स्थानांतरण शाखा में एक यांत्रिक समस्या थी और उसे हल कर लिया गया है। अब पीएफबीआर को ईंधन लोडिंग के महत्वपूर्ण चरण को शुरू करने के लिए भारत के परमाणु नियामक से औपचारिक मंजूरी का इंतजार है।

## अगले साल दुनिया का पहला मल्टी-सेंसर ईओ सेटेलाइट लॉन्च करेगी गैलेक्सआई



**नई दिल्ली।**

अंतरिक्ष क्षेत्र की स्टार्टअप कंपनी गैलेक्सआइ अगले साल दुनिया का पहला मल्टी-सेंसर अर्थ आब्जर्वेशन (ईओ) सेटेलाइट 'मिशन ध्ष्टि' लांच करेगी। कंपनी ने सोमवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि 160 किलोग्राम वजन वाला मिशन दृष्टि भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट सेटेलाइट है। यह देश में विकसित सबसे उच्च-रिजाल्यूशन वाला सेटेलाइट भी है। कंपनी की योजना 2029 तक आठ-10 उपग्रह लांच करने की है। सिंथेटिक अपर्चर रडार (एएआर) और उच्च-रिजाल्यूशन वाले आप्टिकल पेलोड से लैस यह सेटेलाइट किसी भी मौसम में निरंतर पृथ्वी अवलोकन डाटा उपलब्ध कराएगा। 1.5 मीटर रिजाल्यूशन वाला यह सेटेलाइट सरकारों, रक्षा एजेंसियों और उद्योगों को सीमा निगरानी, आपदा प्रबंधन, रक्षा और बुनियादी ढांचे की निगरानी, कृषि के साथ वित्तीय और बीमा मूल्यांकन सहित विभिन्न अनुप्रयोगों में उन्नत भू-स्थानिक विश्लेषण करने में सक्षम बनाएगा। जिससे रियल टाइम में पर्यावरणीय और संरचनात्मक जानकारी उपलब्ध होगी। गैलेक्सआइ के सह-संस्थापक और सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) सुयश सिंह ने कहा, दुनिया में पहली बार हम एक ऐसा सेटेलाइट तैनात कर रहे हैं जो एक ही प्लेटफार्म पर कई सेंन्सग तकनीकों को जोड़ता है, जिससे हम पृथ्वी का उन तरीकों से अवलोकन कर पाएंगे जो पहले असंभव थे। दृष्टि उपग्रह का इसरो के यू आर राव उपग्रह केंद्र (यूआरएससी) में व्यापक संरचनात्मक परीक्षण किया गया, जिससे यह साबित हुआ कि यह अत्यधिक तापमान, सहित अंतरिक्ष की कठोर परिस्थितियों को सहन करने में सक्षम है।

**भारत करेगा बड़ा कमाल**

## संपादक की कलम से

# पाक-तालिबान जंगी टकराव



ललित शर्मा
संपादक

पाकिस्तान और अफगान–तालिबान के बीच जंगी टकराव के हालात बन गए हैं। शनिवार गहरी रात में तालिबान लड़ाकों ने पाक चौकियों पर हमले किए। उनका दावा है कि 58 पाक फौजी मार दिए गए और 25 चौकियों पर तालिबान ने कब्जा जमा लिया। भारी संख्या में हथियार, गोला–बारूद भी लड़ाकों के हाथ लगे हैं। पाकिस्तान का दावा है कि उसके 23 फौजी मारे गए हैं, जबकि पलटवार में ड्रोन हमले किए गए। पाकिस्तान करीब 200 अफगान लड़ाकों को मारने और 19 चौकियां कब्जाने का दावा कर रहा है। पाकिस्तान ने 9 अक्तूबर को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर मिसाइल हमला किया था। तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का मुखिया मुफ्ती नूर वली उसके निशाने पर था, लेकिन वह बच गया। टीटीपी के आत्मघाती फिदायीन ने पाकिस्तान में हमला कर कई लाशें बिछा दी थीं। यह संगठन बलूचिस्तान, खैबर में भी पाक फौजियों को हलाक करता रहा है। उनके पलटवार में पाक ने काबुल पर हमला किया था। वैसे पाक और अफगान सेनाओं का कोई मुकाबला नहीं है, क्योंकि अफगानिस्तान के पास वायुसेना या जल की ताकत पनडुब्बियां सरीखे आधुनिक हथियार नहीं हैं। जो अत्याधुनिक राइफलें, मशीन गन, रॉकेट लॉन्चर, गोला–बारूद, टैंक आदि अमरीकी सेनाएं छोड़ गई थीं, बस तालिबान लड़ाकों की ताकत वही है। तालिबान के पास करीब 40,000 प्रशिक्षित आत्मघाती फिदायीन की ऐसी ताकत है, जो कहीं भी जाकर मौत का विस्फोट कर सकते हैं। तालिबानी हुकूमत के विदेश मंत्री आमिर मुत्ताकी भारत के प्रवास पर हैं। उन्होंने मिसाइल हमले को अफगान संप्रभुता पर हमला करार दिया था, लिहाजा 11 अक्तूबर की गहरी रात वाला हमला तालिबान का पलटबदला माना जा सकता है। यह जंगी टकराव और तनाव दो मुस्लिम देशों के दरमियान पसरा है। पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच जो नाटो जैसा समझौता हुआ था, वह भी बेनकाब हो गया और खोखला साबित हुआ। सऊदी अरब पाकिस्तान के समर्थन में जंग में नहीं कूदा। अलबत्ता कतर की तरह अमन–चैन और संवाद का ही बयान दिया। भारत के संदर्भ में यह जंगी टकराव कई मायने रखता है। तालिबानी विदेश मंत्री आमिर खान ने जम्मू–कश्मीर के मुद्दे पर भारत की संप्रभुता और एकता–अखंडता का समर्थन किया। भारत–अफगान विदेश मंत्रियों का जो साझा घोषणा–पत्र सार्वजनिक किया गया है, उसमें दोनों देश एक–दूसरे की संप्रभुता, एकता–अखंडता का समर्थन कर रहे हैं। जाहिर है कि पाकिस्तान की तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई है। दरअसल भारत सरकार ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अफगानिस्तान भेजकर उनकी संसद का निर्माण कराया। योजना आयोग की तर्ज पर एक खास दफ्तर बनाया गया है। भारत ने अफगानिस्तान में बांध बनाने के अलावा, स्कूल–कॉलेज, सडकें, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र आदि का भी निर्माण कराया है। भारत वहां 400 से अधिक परियोजनाएं संचालित कर रहा है और 3 अरब डॉलर से अधिक का निवेश है। दरअसल भारत–अफगान दोस्ती सदियों पुरानी है, लिहाजा भारत ने अफगान के पुनर्निर्माण के मामले में चीन–पाकिस्तान को पछाड़ दिया है। विडंबना और हास्यास्पद है कि पाक राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने तालिबानी हमले के पीछे भारत का हाथ करार दिया है। जबकि दोनों देशों के आपसी तनाव और हमले नैसर्गिक हैं। हालांकि दोनों देशों में आतंकवाद रहा है, लेकिन उस पर भी गहरे, गंभीर मतभेद हैं। जब काबुल में 2021 में तालिबानी हुकूमत बन रही थी, तब पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के प्रमुख काबुल में ही मौजूद थे और खूब प्रसन्न थे। पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान ने उस दौर को बेडियों से आजादी करार दिया था।

उदय किशोर साह

## उम्मीदों का जब हो साथ

कविता



रे नदिया तुम हमें भी सिखला दो
विषम परिस्थितियों में भी बहना
तेरी अल्हड़ मस्ती भरी तेरी धारा
खुद को परिस्थिति अनुकुल बढ़ना

पत्थर चट्टान राहों में तेरी भी आया
पर रोक ना सका तुमको उछलना
बन्द कर दी आगे की सारे दरवाजे
सीख ली नई धारा बना कर चलना

एकाग्र मन था एक ही तेरा ध्येय था
मंजिल को पाना और सागर से मिलना
सागर तेरी जीवन की थी मंजिल फिर
भटका नहीं तुँ उम्मीद का ख्वाब सपना

मिल गई तुम्हें तेरी मिहनत से सफलता
मन में जो संजोया था एक ही कामना
बाँध बना कर कई एक ने था तुम्हें रोका
पर्पूरा कर ली है तुँ जो तुमने था ठाना

मुझे भी साथ अपने संग संग ले चल
तेरी प्रवाह ने हमको है आज सिखलाया
लाख अड़चने पथ पे गर तेरी भी आ जाये
उम्मीदों का सहारा से ना है कहीं बिछड़ना

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# हरे माधव वर्सी पर्व 2025- आस्था की धरा पर अवतरित दिव्यता का अनुभव-अमृत वर्षा का आभास



गोंदिया



वैश्विक स्तरपर आध्यात्मिकता रूपी मिठास मेंडूबे भारत के मध्यप्रदेश की पावन धरा कटनी की शांत और पावन भूमि पर 9 और 10 अक्टूबर 2025 को ऐसा दृश्य उपस्थित हुआ जिसे शब्दों में बाँध पाना अपने आप में एक आध्यात्मिक साधना के समान है। हरे माधव सत्संग के वर्सी महोत्सव ने न केवल शहर बल्कि देश और विदेश के लाखों श्रद्धालुओं को एक सूत्र में पिरो दिया।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र व मेरे साथी मनोहर सुगानी सतना ने वहां की ग्राउंड रिपोर्टिंग की तो हमें इस दौरान श्रद्धा,सेवा,भक्ति और अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिला। हमने स्वयंम इन दो दिवसीय सत्संग के दौरान ग्राउंड रिपोर्टिंग की,और यह अनुभव किसी साधारण धार्मिकआयोजन से कहीं अधिक एक आध्यात्मिक क्रांति जैसा था।

साथियों बात अगर हम भक्तों के अभूतपूर्व उत्साह की करें तो, हरे माधव दयाल,जिनकी करुणा और दया की गाथाएँ भक्तों के मुख से सहज ही फूट पड़ती हैं, उनके नाम का प्रभाव इस आयोजन में स्पष्ट रूप से झलकता दिखा।हर ओर ह्लहरे माधवह्व का उच्चारण मानो वातावरण को पवित्र कर रहा था। भक्तों की आँखों में जो चमक थी, वह किसी बाहरी चमत्कार से नहीं बल्कि अंतर्मन में अनुभव की गई शांति और दयालुता की झिलमिल थी।इस सत्संग ने यह सिद्ध कर दियाकिआध्यात्मिकता तब ही सशक्त होती है जब उसमें मानवता की सुगंध हो।कटनी की इस पवित्र भूमि पर जैसे ही 9 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय हुआ, हरे माधव दयाल के प्रति भक्ति की तरंगें पूरे शहर में फैल गईं, मानों बच्चे, महिलाएँ, बुजुर्ग और युवा सबकी एक ही चाह थी,"दयाल के दर्शन और सत्संग का श्रवण।"ऐसा लग रहा था मानो पूरा नगर ही भक्ति में रमा हुआ है।यह दृश्य केवल आँखों से नहीं, आत्मा से देखा जा सकता था।

साथियों बात अगर हम देश- विदेश से उमड़ा श्रद्धा का सागर, वैश्विक स्तरपर आध्यात्मिक एकता की करें तो इस वर्सी महोत्सव की सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि इसमें भारत के अनेक राज्यों से अनुमानतः हजारों लाखों भक्तों ने इस दो दिवसीय सत्संग का लाभउठाया। भक्तों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण थी कि हरे माधव दयाल की शिक्षाएँ सीमाओं से परे जाकर मानवता को जोड़ रही हैं।जब मैंने ग्राउंड पर भक्तों से बात की, तो उन्होंने कहाह्लहम यहाँ किसी धर्म के अनुयायी बनकर नहीं, बल्कि प्रेम और शांति की तलाश में आए हैं। यहाँ जो अनुभव मिलता है, वह किसी भी किताब में नहीं।ह्वइससे यह सिद्ध हुआ कि आज के वैश्विक युग में भी सच्ची आध्यात्मिकता वह है जो सभी जाति,भाषा और सीमाओं को मिटाकर मनुष्यता के सूत्र में जोड़ती है।

साथियों बात अगर हम सत्संग के पहले दिन 9 अक्टूबर 2025 अमृत वर्षा के प्रारंभ होने की करें तोपहले दिन का आरंभ मंगल वंदना और ह्लमेरे सतगुरां हम शरण तेरी आएह्व के भक्ति स्वर से हुआ। वातावरण में घुली शांति,भजन के मधुर सुर और आरती की लौ ने ऐसा माहौल रचा कि मानो पूरा ब्रह्मांड उसी क्षण स्थिर हो गया हो।मैंने मोबाइल कैमरे की लेंस से जब भक्तों के चेहरों को कैद किया, तो हर चेहरे पर संतोष, श्रद्धा और आनंद की अनोखी अभिव्यक्ति थी। पहले दिन का मुख्य आकर्षण बाबा ईश्वर शाह साहिब जी काह्लदयाल संदेशह्वयानें अमृत वर्षा था,जिसमें कलश करुणा, क्षमा और आत्मचिंतन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। सत्संग पंडाल में गूँजती मधुर वाणी ने हजारों मनों को छू लिया। ऐसा लगा मानो हृदय के भीतर छिपी सभी थकान, चिंता और अशांति उसी क्षण विलीन हो गई हो।

साथियों बात अगर हम सत्संग के दूसरे व अंतिम दिन 10 अक्टूबर 2025 की करें तो मानो आकाश से उतरती दिव्यता पृथ्वी को नमन कर रही हो,सुबह 10 बजे से ही भक्तों का सत्संग स्थल पर पहुंचना शुरू गया था,यह सामूहिक श्रद्धा और अनुशासन का अनुपम उदाहरण था। बच्चे अपने हाथों में फूल और झंडे लिए, युवा सेवा में तत्पर, बुजुर्गों के चेहरे पर आत्मिक आनंद। यह सब देखकर लगा कि जब आस्था और अनुशासन एक साथ चलें तो समाज में कितनी सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है।बाबाजी का आगमन विशाल जुलूस के साथ हुआ एलईडी स्क्रीन पर बाबा माधव शाह बाबा नारायण शाह की अनेक महिमाओं लीलाओं का वर्णन साक्षात रूप से भक्तों को दिखाया गया जिससे भक्तों के अनेक प्रश्नों की जिज्ञासा दूर हुई उसके पश्चात बाबा जी ने स्वयं अपने मुख से सत्संग की अमृत वर्षा की जिससे भक्तजन भाव विभोर हो उठे।

साथियों बात अगर हम सेवा के विविध रूप,व्यवस्थापन का अनुकरणीय उदाहरण की करें तो,यह मेरे लिए इस आयोजन का सबसे प्रेरणादायक पहलू था,इसकी उत्कृष्ट सेवा व्यवस्था। सत्संग परिसर में व्यवस्थापकों और स्वयंसेवकों ने जिस निष्ठा से सेवा दी, वह अपने आप में उदाहरण है, जिसकी मैं पूरी ग्राउंड रिपोर्टिंग कर मोबाइल कैमरे में सेव किया।पंडाल सेवा- विशाल पंडालों में बैठने, धूप से बचाव, वेंटिलेशन, और व्यवस्था इतनी सुचारू थी कि अनुमानतः हजारो लाखों की भीड़ होने के बावजूद कोई अव्यवस्था नहीं दिखी।चरण पादुका सेवा- श्रद्धालुओं के लिए चरण पादुका स्थल पर विनम्र भाव से सेवा करते स्वयंसेवक विनम्रता की प्रतिमूर्ति प्रतीत हो रहे थे।जल सेवा-ठंडा,शुद्ध जल उपलब्ध कराने के लिए अनेक जल स्टॉल लगाए गए थे, जहाँ लगातार सेवा चल रही थी।खोया-पाया सेवाः इतने बड़े आयोजन में कोई वस्तु खो जाए,तो तुरंत सूचना मिल जाए, भंडारा यानी लंगर सेवा तथा बर्तन थालियां धोने की सेवा में मैंने देखा कि बड़े-बड़े अमीरों उच्च स्तरीय लोग, भक्तों द्वारा ग्रहण किए गए भोजन की थालियों को मांझकर फिर पानी में फिर धो रहे थे जो मुझे सबसे अनमोल सेवा लगी उनकी यह सेवा रेखांकित करने योग्य है।पुलिस विभाग और सुरक्षा व्यवस्था-कटनी पुलिस और सुरक्षा दल ने अनुकरणीय कार्य किया। भीड़ नियंत्रण से लेकर ट्रैफिक प्रबंधन तक हर पहलू पर बारीकी से ध्यान दिया गया।मेडिकल सेवा-24 घंटे संचालित मेडिकल कैंप में डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ हर समय मौजूद रहे। किसी भी आपात स्थिति के लिए एम्बुलेंस व्यवस्था भी तत्पर थी।स्टालों में एक झाड़ माँ के नाम,पर्यावरणीय पहल- इस आयोजन की विशेषता रही ह्लएक झाड़ माँ के नामह्व पहल, जिसके अंतर्गत प्रत्येक भक्त ने एक पौधा रोपने का संकल्प लिया। आध्यात्मिकता को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने का यह संदेश अत्यंत प्रेरणादायक था। विशेष रूप से व्यवस्थापकों सेवादारियों की सेवाएं अभूतपूर्व अनुशासन के रूप में दिखाई दी सत्संग स्थल के बाजू में हेड ऑफिस बनी हुई थी जहां से व्यवस्थापकों की हर सेवा पर नजर थी ताकि भक्तों को कोई तकलीफ ना हो,इन सभी व्यवस्थाओं को देखकर लगा कि जब सेवा भावना और संगठन शक्ति साथ मिलती है,तो कोई भी आयोजनकितना अनुशासितऔर प्रेरणादायक बन सकता है।

साथियों बात अगर हम व्यवस्था में अनुशासन और तकनीक का सुंदर संगम की करें तो,मेरी ग्राउंड रिपोर्टिंग के दौरान मैंने पाया कि यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि व्यवस्थापन का भी उत्कृष्ट उदाहरण था।आयोजकों ने आधुनिक तकनीक का भी प्रयोग किया था, सीसीटीवी निगरानी,एलईडी लाइव प्रसारण ताकि दूर बैठे भक्तों को भी स्पष्ट नजर आए,जैसी सुविधाएँ मौजूद थीं। इससे यह महोत्सव केवल एक भौतिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि डिजिटल आध्यात्मिकता का भी एक युगीन उदाहरण बन गया।

## विश्व मानक दिवस- 14 अक्टूबर, 2025

# विश्वास का वैश्विक सेतु और व्यापारिक समरसता का आधार



विश्व मानक दिवस प्रत्येक वर्ष 14 अक्तूबर को मनाया जाता है। यह दिवस उस अदृश्य व्यवस्था का उत्सव है जो हमारे जीवन, उद्योग, व्यापार और सुरक्षा की गुणवत्ता को सुनिश्चित करती है। मानकीकरण केवल कोई तकनीकी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह विश्वसनीयता, सुरक्षा, पारदर्शिता और आपसी सहयोग की ऐसी बुनियाद है जो मानव जीवन की सहजता और स्थिरता का आधार बनती है। इस दिवस का उद्देश्य यह स्मरण कराना है कि किसी भी उत्पाद, सेवा या व्यवस्था की उपयोगिता तभी टिकाऊ और भरोसेमंद हो सकती है जब उसमें निर्धारित मानक और गुणवत्ता की कसौटी कायम हो। विश्व मानक दिवस उन हजारों विशेषज्ञों और कर्मयोगियों को सम्मान देने का भी अवसर है जो अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में बैठकर विश्व के हित में ऐसे मानक तय करते हैं और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के निर्माण और कार्यान्वयन में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और सुरक्षा के साथ-साथ जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मानकीकरण की भूमिका पर जोर देना है, जो सबके लिए समान हों, निष्पक्ष हों और मानवता की सुरक्षा और प्रगति के लिए हों।

यह दिवस 1946 में हुई पहली बैठक की याद में मनाया जाता है, जिसमें 25 देशों के प्रतिनिधि लंदन में एक अंतरराष्ट्रीय संगठन की स्थापना के लिए एकत्र हुए थे, जो मानकीकरण पर अपने प्रयासों को केंद्रित करेगा। हालाँकि अगले वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन का गठन किया गया था, लेकिन पहला विश्व मानक दिवस 1970 में ही मनाया गया। विश्व मानक दिवस का उद्देश्य जनता को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूक करना है। अर्थात स्वास्थ्य सेवा से लेकर तकनीक तक, लगभग हर क्षेत्र के उत्पादों और सेवाओं में सुरक्षा, विश्वसनीयता और गुणवत्ता। 2025 की थीम ह्यसहयोगह्न है, जो प्रगति को संभव बनाने के लिए साझेदारी के महत्व को दर्शाती है। यह सहयोग की शक्ति और इस विश्वास का प्रमाण है कि हम अपने-अपने हिस्सों के योग से भी अधिक शक्तिशाली हैं। साथ मिलकर काम करके, हम लोगों को स्थिरता की चुनौतियों का सीधा सामना करने के लिए वास्तविक समाधानों से सशक्त बना रहे हैं। इसके अतिरिक्त, भारतीय मानक ब्यूरो ने इस वर्ष की थीम को ह्यसतत विकास लक्ष्यः लक्ष्य प्राप्ति में सामूहिक साझेदारीह्न के रूप रखा है। एक बेहतर विश्व निर्माण के लिए साझा दृष्टिकोण का विशेष महत्व है, इस दिवस को मनाने का लक्ष्य उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान देना और उपभोक्ताओं, नियामकों और उद्योग के बीच मानकीकरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। आज जब वैश्वीकरण, तकनीकी तीव्रता, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य संकट और आपूर्ति श्रृंखला जैसी जटिल चुनौतियाँ सामने हैं, तब मानकीकरण का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। मानक ही वह भाषा हैं जिनसे विश्व के देश एक-दूसरे को समझ पाते हैं। जब कोई वस्तु या सेवा एक निश्चित मानक के अनुरूप होती है, तो उसे किसी भी देश में स्वीकार किया जा सकता है। इससे व्यापार सहज होता है, उपभोक्ता का भरोसा बढ़ता है और देशों के बीच परस्पर निर्भरता मजबूत होती है। यही कारण है कि मानकीकरण को विश्व व्यापार की आत्मा कहा जाता है। इससे केवल आर्थिक लाभ नहीं होता, बल्कि यह जीवन की गुणवत्ता, सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन को भी सुनिश्चित करता है। विश्व मानक दिवस के इस सन्देश के विपरीत आज की राजनीति में कई बार ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं जो विश्व व्यापार और आपसी सहयोग की भावना को कमजोर करते हैं। अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अपनाई जा रही अतिशयोक्ति पूर्ण टैरिफ नीति इसका उदाहरण है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा और प्रतिस्पर्धा के नाम पर आयातित वस्तुओं पर भारी शुल्क लगाकर एक प्रकार से व्यापार युद्ध का वातावरण बना दिया है। यह नीति केवल व्यापारिक हितों को नहीं बल्कि वैश्विक संतुलन को भी प्रभावित कर रही है। टैरिफ की यह दीवारें देशों के बीच अविश्वास बढ़ाती हैं, कीमतों में वृद्धि करती हैं और आपूर्ति श्रृंखला को असंतुलित करती हैं। आयातित वस्तुओं की लागत बढ़ने से उपभोक्ताओं को अधिक कीमत चुकानी पड़ती है, उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ती है और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की गति धीमी पड़ जाती है। विश्व व्यापार संगठन ने पहले ही चेताया है कि ऐसी टैरिफ नीतियाँ वैश्विक व्यापार वृद्धि को घटा रही हैं और निवेशकों में अस्थिरता पैदा कर रही हैं। टैरिफ केवल कर या शुल्क नहीं होते, वे राष्ट्रों के बीच विश्वास का संकेत भी होते हैं। जब कोई देश बार-बार अपने आर्थिक हितों की आड़ में ऊँचे शुल्क लगाता है, तो अन्य राष्ट्र प्रतिकार के रूप में अपने दरवाजे बंद करने लगते हैं। परिणाम यह होता है कि जो विश्व पहले एक साझा बाजार की ओर बढ़ रहा था, वह फिर से सीमाओं और अविश्वास की जंजीरों में बँधने लगता है। ऐसे में विश्व मानक दिवस यह सन्देश देता है कि दुनिया को जोड़ने का वास्तविक माध्यम व्यापारिक शुल्क नहीं बल्कि मानकीकरण है। मानक देशों को एक साझा धरातल प्रदान करते हैं, जहाँ उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा का विश्वास इतना मजबूत होता है कि किसी अतिरिक्त शुल्क या रोक की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। मानकीकरण दरअसल विश्वास का पुल है जो सीमाओं के आर-पार लोगों, वस्तुओं और विचारों को जोड़ता है। जब एक देश दूसरे देश के मानकों को स्वीकार करता है, तो यह आपसी सम्मान और पारदर्शिता का प्रतीक होता है। इसी प्रक्रिया से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सरलता आती है, सुरक्षा और गुणवत्ता की गारंटी मिलती है और उपभोक्ता हित सुरक्षित रहते हैं। मानकीकरण की यह प्रक्रिया न केवल औद्योगिक या व्यापारिक है बल्कि यह मानवीय भी है। इसके मूल में समानता, निष्पक्षता और सहयोग की भावना निहित है। यह वह दर्शन है जो कहता है कि विश्व एक परिवार है और सबकी भलाई में ही अपनी भलाई है। अतः जब कोई राष्ट्र टैरिफ या प्रतिबंधों की दीवार खड़ी करता है, तो वह इस वैश्विक परिवार के बीच विभाजन की रेखा खींचता है। मानक उन रेखाओं को मिटाते हैं और संबंधों को जोड़ते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि मानकीकरण केवल औद्योगिक मंच तक सीमित न रहे, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय नीति का भी आधार बने। विश्व के सभी देश मानकों के निर्धारण में समान भागीदारी करें ताकि कोई भी राष्ट्र या कंपनी इस प्रक्रिया पर वर्चस्व न जमा सके। छोटे और विकासशील देशों को भी अंतरराष्ट्रीय मानक संस्थाओं में समान अवसर मिले ताकि वे अपने उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से वैश्विक व्यापार में समान रूप से शामिल हो सकें। इसके साथ ही प्रमाणन प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना आवश्यक है ताकि छोटे उद्योग भी मानक के अनुरूप अपने उत्पादों को विश्व स्तर पर प्रस्तुत कर सकें। विश्व मानक दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि मानवता की प्रगति केवल आर्थिक शक्ति में नहीं बल्कि उस सहयोग और विश्वास में है जो मानकीकरण के माध्यम से संभव होता है। अतिशयोक्ति पूर्ण टैरिफ जैसी नीतियाँ क्षणिक राजनीतिक लाभ तो दे सकती हैं, पर वे विश्व के समन्वित विकास और आपसी विश्वास को नष्ट करती हैं। इसलिए आवश्यक है कि सभी राष्ट्र मानकीकरण की भावना को अपनाएँ और विश्व व्यापार को किसी प्रतिस्पर्धा या प्रतिशोध का माध्यम न बनाकर साझेदारी और साझा उन्नति का माध्यम बनाएँ। मानकीकरण ही वह अदृश्य तंतु एवं बुनियादी आधार है जो दुनिया को एकजुट रखता है। यह न केवल उत्पादन और व्यापार में गुणवत्ता लाता है बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में विश्वसनीयता और सुरक्षा का भाव जगाता है। विश्व मानक दिवस इस विचार का प्रतीक है कि जब तक हम समान मानकों और साझा मूल्यों से नहीं जुड़ते, तब तक विश्व की एकता अधूरी है। इसलिए इस दिवस पर यह संकल्प लिया जाना चाहिए कि हम ऐसी नीतियों से दूर रहें जो विभाजन उत्पन्न करें, और मानकीकरण की उस साझा राह पर चलें जो सबके लिए विश्वास, सुरक्षा और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है।



ललित गर्ग

# राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति का आई-कार्ड वितरण समारोह संपन्न

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**स्योहारा**। राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति, बिजनौर इकाई के तत्वावधान में ब्लॉक सचिव मोहम्मद इरशाद के सौजन्य से स्योहारा में एक गरिमामयी आई-कार्ड वितरण समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन के नए एवं मौजूदा सदस्यों को पहचान-पत्र प्रदान करना तथा उन्हें समिति के लक्ष्यों के प्रति पुनः प्रतिबद्ध करना था।

इस मौके पर सभी सदस्यों को एक सामूहिक शपथ दिलाई गई, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गेश सिंह सेंगर और मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष फहीम मलिक के ₹नशा-मुक्त, भय-मुक्त एवं भ्रष्टाचार-मुक्त भारत₹ के सपने को साकार करने में अपना पूर्ण योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष फहीम मलिक मौजूद रहे।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारी संस्था का प्रमुख मकसद देश को नशे की लत से मुक्त कराना और पीड़ितों को न्याय दिलाना है।जहां किसी की सुनवाई नहीं होती, वहां हमारी संस्था ही उनकी आवाज बनेगी।इस कार्यक्रम में संगठन के कई नए पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई। दानिश वारसी को नगर अध्यक्ष स्योहारा का दायित्व सौंपा गया। अन्य पदों पर मोहम्मद इरशाद ब्लॉक सचिव, सद्दाम हुसैन को नगर उपाध्यक्ष, समाज सेवी शहजाद अहमद, फिरोज खान, आलीशान, रियाज, शारिक, शमशेर, दिलशाद, जेद, मुशर्रफ और जावेद आदि को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को आई-कार्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि स्थानीय पत्रकार बंधुओं और समाज सेवी को भी इस मौके पर आमंत्रित किया गया और समाज में उनके योगदान को स्वीकार करते हुए उन्हें शील्ड देकर सम्मानित किया गया। संगठन ने उनकी उपस्थिति के लिए आभार जताया।

इस मौके पर दर्जनों पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे, जिन्होंने एक नशामुक्त और भ्रष्टाचारमुक्त समाज के निर्माण के लिए कार्य करने का दृढ़ संकल्प लिया।


## खड़ी बाइक में अचानक आग लगने से मची अफरातफरी

**किरतपुर**। नगर के मंडावर रोड स्थित एक होटल के बाहर खड़ी पल्सर बाइक में अचानक आग लग गई अचानक बाइक में आग लगने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला मलकान निवासी आरिफ पुत्र अब्दुल अजीज मंडावर रोड पर स्थित एक होटल पर काम करता है रविवार को वह रोजाना की तरह अपनी पल्सर बाइक होटल के सामने खड़ी कर होटल के अंदर चला गया।कुछ देर बाद मोटरसाइकिल में धुआं उठने लगा और अचानक आग भड़क गई और बाइक धू-धू कर जल उठी।देखते ही देखते बाइक पूरी तरह खाक हो गई। वहा मौजूद लोगों ने तत्काल आग पर काबू पाने का प्रयास किया जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।आग किस कारणो से लगी यह स्पष्ट नहीं हो पाया।



# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने उप निरीक्षक सचिन त्यागी को बनाया गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी प्रभारी

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**




**सहारनपुर/ गागलहेडी**। सहारनपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने उप निरीक्षक सचिन त्यागी की कार्य कुशलता देखकर गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी प्रभारी बनाया गागलहेडी थाना क्षेत्र उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड बॉर्डर पर स्थित काली नदी पुलिस चौकी प्रभारी सचिन त्यागी को चार्ज संभालते ही अपराधियों में हड़कंप मचा गया उनकी इस तेज तर्रार कार्रवाई से नशा तस्करो, शराब माफियाओं, भू-माफियाओ वारंटी/वांछितो एवम लूट की घटनाओं को अंजाम देने वालों में भी मचा हड़कंप।

अपनी एक अच्छी कार्यशाली से पहचान बनाने वाले उप निरीक्षक सचिन त्यागी ने अपराध करने वालों को कहीं से कही तक नहीं बक्सा

गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी का कार्यभार सम्भालते ही सचिन त्यागी ने अपनी तेज तर्रार कार्रवाई से अपराधियों में खोफ पैदा किया हुआ है, उनकी इस तेज तर्रार कार्रवाई से अपराध करने वाले क्षेत्र छोड़कर भाग रहे हैं। उनकी इस जबरदस्त कार्रवाई से जहा नशा तस्करो, शराब माफियाओं, खनन माफियाओं एवम भू-माफियाओ में भारी खलबली का माहोल है, वहीं वांछित/वारंटियों एवम लूट की घटनाओं को अंजाम वालो में भी जबरदस्त हड़कंप मचा हुआ है। क्योंकि उनके अधीनस्थ काम करने वाली पुलिस टीमें भी उनके सख्त निर्देश पर अपना काम तेजी के साथ कर रही है। गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी प्रभारी सचिन त्यागी का कहना है, कि वे सहारनपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के निदेशों का अच्छी तरह से पालन कर रहे हैं।उप निरीक्षक सचिन त्यागी ने कहा की मेरे क्षेत्र में शांति भंग करने वाले व अपराधिक तत्वों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। कानून व्यवस्था कायम करना मेरे लिए सर्वोपरि है।

## युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ बलात्कार किया और अश्लील तस्वीरें खींची,गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

आगरा की युवती को वृंदावन में संत से मुलाकात कराने के बहाने बुलाया गया. यहां एक होटल में आरोपी युवक ने युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ बलात्कार किया और अश्लील तस्वीरें खींची. तस्वीरों को वायरल करने की धमकी देकर युवती का कई बार शारीरिक शोषण किया गया. पीड़ित युवती ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया. पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को अरेस्ट कर लिया है।

युवती ने आरोप लगाया कि वह वृंदावन के एक संत की अनुयायी है. आरोप है कि सुंदरम नाम का एक युवक ने 21 अगस्त को इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजा और कहा कि वह संत से उसकी आमने-सामने मुलाकात करा देगा. इसके बाद आरोपी युवक ने 12 सितंबर को युवती के व्हाट्सएप पर मैसेज किया और कहा कि संत से मिलने के लिए आ जाओ. इस पर युवती अपने भाई के साथ वृंदावन रात को पहुंच गई. रात में युवक मिला और उसने कहा कि संत से मिलने का अभी टाइम है और वह उसे एक होटल में ले गया. यहां उसने कॉफी पीने को दी जिसे पीने के बाद वह बेहोश हो गई। आरोप है कि बेहोश होने पर आरोपी युवक ने उसके साथ बलात्कार किया और उसके अश्लील फोटो खींच लिए. इसके बाद उसने इन फोटो के जरिए ब्लैकमेल किया और कई बार उसे वृंदावन बुलाया और शारीरिक शोषण किया. पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर आरोपी सुंदरम को हैजा अस्पाल के पास वृंदावन से अरेस्ट कर लिया. उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल



**मंडावर**। सोमवार की सुबह मंडावर बिजनौर रोड पर अचार फैक्ट्री के पास एक विधुत विभाग की सरकारी गाडी पिकअप वैन बिजनौर की तरफ से आ रही थी। जिसमे बिजली का ट्रांसफार्मर रखा हुआ था।उसने बाइक सवार युवक चेतन पुत्र सोमपाल ग्राम जमालपुर पठानी को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची मंडावर पुलिस ने घायल युवक को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल बिजनौर भर्ती कराया।और घायल युवक चेतन के परिवार वालों को सूचना दी।थाना प्रभारी सुमित राठी ने बताया की गाडी को थाने लाया गया है।तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ताओं के चेंबर सहित व्यवस्थाएँ होंगी चाक-चौबंद

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

■ कार्यों को समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।



**रामपुर**। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के साथ कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया और कार्यों को समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त अधिवक्ताओं के पक्के चैम्बरों के निर्माण हेतु अध्यक्ष बार एसोसिएशन के साथ वार्ता की गई।इसमें चैम्बरों के शीघ्र निर्माण हेतु स्थल चयन और अन्य आवश्यक प्रक्रियाएँ जल्द पूर्ण कराने के लिए कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया।

उन्होंने निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट परिसर में आने वाले नागरिकों और अधिवक्ताओं के लिए सुव्यवस्थित और सुचारू वातावरण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ चाक-चौबंद की जाए।

## दो पक्षों में भिड़ंत, एक युवक के सिर में आए 20 टांके

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर**। नगर के गांधी नगर मोहल्ले में शाम दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह हालात पर काबू पाया। पुलिस ने पांच नामजद सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला गांधी नगर निवासी मोहम्मद राजा की आराजी (जमीन) पर कुछ किरायेदार रहते हैं। बताया जा रहा है कि रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे नल पर पानी भरने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ते ही एक पक्ष के लोगों ने पूर्व नियोजित तरीके से लाठी-डंडों और रॉड से हमला कर दिया।इस घटना में एक पक्ष के हाजी निसार व एहतेशाम के सिर पर गंभीर चोट आई, जिसके चलते उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके सिर में करीब 20 टांके लगाए गए। सूचना मिलते ही थाना नूरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पांच नामजद और पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मारपीट, धमकी और शांति भंग करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गया मातृत्व स्नेह एवं वात्सल्य का पर्व अहोई अष्टमी

**वेलकम इंडिया**



**मुरादाबाद**। जनपद के नगरीय क्षेत्र ठाकुरद्वारा, भोजपुर एवं ग्रामीण क्षेत्र बहेड़ी ब्रह्मनान, हिमाँयुपुर, धारकनंगला, जहाँगीरपुर , देवीपुरा , डिलारी, कालाझांडा आदि में मातृत्व स्नेह और वात्सल्य का प्रतीक अहोई अष्टमी का त्यौहार विधि-विधान एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया। माताओं द्वारा अपनी संतान के कल्याण, दीघार्यु एवं सुख समृद्धि के लिए अहोई अष्टमी का व्रत रखकर मंगल कामनायें की।

विविध पौराणिक कथाओं के अनुसार संतान प्राप्ति के लिए भी इस व्रत को किया जाता है। इस अवसर पर माताओं द्वारा माँ दुर्गा के अष्टम स्वरूप महागौरी अहोई अष्टमी का आशिर्वाद प्राप्त करने के लिए विशेष अनुष्ठान, उपवास एवं उपासना की गई । दीवार पर अहोई माता का प्रतीक उकेर कर कुछ घरों में बाजार में उपलब्ध चित्र को दीवार पर लगाकर एक चौकी पर पीला अथवा लाल वस्त्र बिछाकर पूजा स्थल को पवित्र गंगा जल से शुद्ध कर अहोई माता को अष्ट कोणीय रूप में चौकी पर पूर्वोत्तर दिशा में स्थापित कर धूप-दीप, नवैध, अक्षत, फल-फूल, चंदन, कुमकुम, चुनरी आदि श्रृंगार सामग्री अर्पित कर हथेली में गेंहू के सात दाने रखकर कथा का वाचन एवं श्रवण किया गया। संतान को रोली कुमकुम का तिलक लगाकर तारों का दर्शन कर आर्ध्य देकर व्रत का पारायण किया गया।

# महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन खेल सामग्री का वितरण किया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में युवा कल्याण विभाग के 05 युवक मंगल दलों एवं 05 महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन खेल सामग्री का वितरण किया गया। प्रत्येक मंगल दल को 05 वालीबाल, 05 फुटबाल, वालीबाल नेट, एयर पम्प, फुटबाल, फिटनेस ट्यूट, 03 स्किपिंग रोप, 02 बैग प्रदान किया गया।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को प्रोत्साहित करना और उनके मनोबल को बढ़ावा देना है ताकि वे सामाजिक और खेल गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा सकें।उन्होंने युवा कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी मंगल दलों से वार्ता कर उन गांवों की सूची उपलब्ध करायी जाए, जहाँ पर खेल मैदान नहीं हैं, ताकि ऐसे गांवों में खेल मैदानों के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू कराया जा सके। उन्होंने मंगल दल के सदस्यों से चर्चा करते हुए उन्हें खेल के महत्व के बारे बताया और संबंधित खेल मैदानों व ग्रामीण स्टेडियमों की जानकारी ली। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा मंगल दलों को प्रोत्साहन सामग्री वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सभागार में उपस्थित सभी के द्वारा देखा गया। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में चयनित युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दलों के लिए शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई खेल किटों को पूर्व में वितरण किया जा चुका है।

## अमर स्टूडियो फोटोग्राफर अभिषेक शाक्य प्रयागराज को मिला काशी गर्व रत्न सम्मान

**वेलकम इंडिया**



वाराणसी में गर्व फाउंडेशन द्वारा काशी गर्व रत्न सम्मान एवं मल्लिका ए अवध श्वेत तिवारी द्वारा आयोजित सेलिब्रिटी अवार्ड नाइट (सीजन 36) और प्लास्टिक मुक्त भारत कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सेलिब्रिटी गेस्ट टीवी एक्ट्रेस शिव्या पठानिया (जिन्होंने लक्ष्मी, पार्वती और सीता जैसे लोकप्रिय किरदार निभाए हैं) एवं मुख्य अतिथि ए.के. तिवारी और ऑर्गेनाइजर अनुपम तिवारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु अमर स्टूडियो फोटोग्राफर अभिषेक शाक्य को टीवी एक्ट्रेस शिव्या पठानिया के हाथों काशी गर्व रत्न सम्मान एवं बेस्ट ब्यूटी एक्सपर्ट टॉक अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सहायक श्रमायुक्त कार्यालय पर की आकस्मिक छापामारी

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर**। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने जनसुनवाई के दौरान आमजन द्वारा श्रम विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध की गयी शिकायत पर सहायक श्रमायुक्त कार्यालय पर आकस्मिक छापामारी की। शिकायतकर्ता द्वारा श्रम विभाग के कुछ अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर अनावश्यक रूप से आमजन को परेशान करने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को न दिए जाने की शिकायत की गयी।

छापामारी के दौरान जिलाधिकारी ने एक संदिग्ध व्यक्ति को कार्यालय परिसर से पकड़ा, जिसके पास से विभागीय अधिकारियों से संबंधित मोबाइल चौटिंग, सरकारी योजनाओं के आवेदन पत्र एवं अन्य दस्तावेज बरामद हुए। संदिग्ध द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर न देने पर उसे विधिक कार्यवाही हेतु थाना सिविल लाइंस पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।जिलाधिकारी ने मामले की गहन जांच के लिए अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) की अध्यक्षता में दो डिप्टी कलेक्टरों की विशेष जांच टीम गठित की है, जिसे 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर कार्यालय में संदिग्ध व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगाने हेतु सुरक्षा बल तैनात किया गया है। साथ ही अन्य शासकीय कार्यालयों में भी गोपनीय निरीक्षण हेतु निगरानी टीम गठित की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासकीय कार्यालय जनता की सेवा के केन्द्र हैं, किसी भी कीमत पर इन्हें दलालों या बिचौलियों का अड्डा नहीं बनने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का संकल्प है कि सरकार की हर योजना का लाभ सीधे पात्र व्यक्ति तक पहुँचे।



## युवक एवं महिला मंगल दलों को खेल सामग्री वितरित

**बुलंदशहर**। कलेक्ट्रेट सभागार में युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर अधिकारियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलों से युवाओं में टीम भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास होता है। सरकार द्वारा समय-समय पर ऐसे आयोजन कर ग्रामीण स्तर पर प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, युवक एवं महिला मंगल दलों के सदस्य तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों की 14 नवंबर को रामलीला मैदान में विशाल रैली

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** इप्सेफ के नेतृत्व मे राज्य कर्मचारी सयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वधान मे कर्मचारियों की लंबित मांगो को न माने जाने पर पुरे देशभर के कर्मचारी 14 नवंबर को रामलीला मैदान मे विशाल रैली का आयोजन करेंगे जिसके लिए प्रत्येक जनपद मे बैठक कर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अधीन जुड़े सभी घटको के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग कर विशाल रैली को सफल बनाने हेतु आगे की रणनीति तैयार की।

जिसमे कर्मचारियों की पूर्व से लंबित प्रमुख मांगे जैसे आठवें वेतन आयोग का तत्काल गठन करके 1 जनवरी 2026 से लागू किया जाएपुरानी पेंशन को ही बहाल किया जाए,50% से अधिक डी ए हो जाने पर 50% डी ए को वेतन में मर्ज किया जाए जैसा पहले होता आया है,आउटसोर्स तथा अन्य प्रकार के संविदा ठेका आंगनबाड़ी आदि कर्मचारियों को नियमित करने की नीति बनाई जाए जिससे उन्हें जीने लायक वेतन व अन्य सभी सुविधाएं मिल सके ऐसे कर्मचारियों के परिवार की दयनीय दशा है,दीपावली से पूर्व बोनस का भुगतान जैसी तमाम मांगो को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्रा,राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार रावत एवं महामंत्री अतुल मिश्रा की उपस्थिति मे राजकीय नेत्र परीक्षण अधिकारी संघ के वरिष्ठ प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष पी.डी.गौतम और जिला मंत्री गिर्राज सारस्वत के नेतृत्व मे जनपदीय बैठक का आयोजन एक निजी स्थान पर कर परिषद के सभी विभागीय घटको के पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर प्रतिभाग किया। वही जिलाध्यक्ष पी.डी.गौतम ने सभी से अपील कर निवेदन किया की उत्तर प्रदेश का पूर्व की भांति नाम रोशन करने के लिए भारी तादाद में जनपद से अधिक से अधिक संख्या मे कर्मचारियों को 14 नवंबर को रामलीला मैदान नई दिल्ली में प्रातः 10:00 बजे पहुंच कर रैली को सफल बनाने का आह्वान किया गया।वही इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्रा ने उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों के कर्मचारियों से अपील की है कि पूर्व की भांति भारी तादाद में रामलीला मैदान में पहुंचकर रैली को सफल बनाएं।इस दौरान कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष सतीश गौतम,डिप्लोमा फार्मा. एसोसिशियन के जिला अध्यक्ष एस.पी.गौतम, राजकीय नेत्र परीक्षण अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष पी.के.गौतम, जिला मंत्री नवीन गौतम,आर.पी. शर्मासहित सभी विभागीय घटको के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी में छात्रों का हंगामा

**औरंगाबाद/ बुलंदशहर।** अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी में छात्रों ने जमकर हंगामा किया और एक प्रोफेसर पर प्रैक्टीकल में जबरन फेल करने का आरोप लगाया।महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रोफेसर भीष्म सिंह ने समझा बुझाकर समस्या समाधान कराये जाने का आश्वासन देकर हंगामा शांत कराया। छात्रों ने कुलपति के नाम ज्ञापन प्रोफेसर भीष्म सिंह को सौंपा। अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी में सोमवार को बी एस सी एग्रीकल्चर चतुर्थ सेमिस्टर के छात्रों ने छात्र नेता पुलकित शर्मा एवं हर्ष ठाकुर के नेतृत्व में जमकर हंगामा किया। छात्रों ने आरोप लगाया कि एक प्रोफेसर ने बावन छात्रों को जबरन फेल करके उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। हंगामे के बीच कालेज के वरिष्ठ प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रोफेसर भीष्म सिंह आक्रोशित छात्रों के बीच पहुंच गए और उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

# दिवाली मेले में झलका देशी रंग और उत्सव की रौनक

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** भेलूपुर स्थित एक होटल परिसर में दिवाली मेला का सफल आयोजन किया गया इस मेले का आयोजन रोटी क्लब वाराणसी ब्राइट वाराणसी तथा सखी पैड बैंक के संयुक्त सहयोग से किया गया जिसमें शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लियो कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी क्लब की ओर से उत्तम अग्रवाल एवं नीलिमा अग्रवाल द्वारा किया गया जो इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे विशिष्ट अतिथि के रूप में श्वेता खरे,अजय खरे,नीता अग्रवाल एवं पुष्परंजन अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही इसके अतिरिक्त, रोटरी के विभिन्न क्लबों के कई अध्यक्ष और सचिव भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और आयोजन की सराहना की।

मेले में देशभर के कई राज्यों गुजरात, बंगाल, कानपुर, लखनऊ, इलाहाबाद,भदोही,मोगलसराय और बनारस से आए स्टॉल्स ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई विशेष रूप से बनारस की पारंपरिक साड़ियाँ,जरी-जरदोजी के परिधान,हैंडलूम प्रोडक्ट्स, हस्तशिल्प,सजावटी वस्तुएँ, मिठाइयाँ और फेस्टिव कलेक्शन आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र रहे क्लब ब्राइट वाराणसी की तरफ से अध्यक्ष सुनीता भार्गव और मंत्री रितिका जैन उपस्थित रहीं,वहीं सखी पैड बैंक की ओर से अध्यक्ष सपना कपूर,पूजा श्रीवास्तव,प्राची गुप्ता,उमा रस्तोगी,अंजु गोयल,संजय भार्गव,रमेश जैन सहित कई सदस्य शामिल रहे।

# पीड़ित ने अपर पुलिस आयुक्त वाराणसी को सौंपा प्रार्थना पत्र लगाया न्याय की गुहार



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** थाना लालपुर पांडेयपुर क्षेत्र के दौलतपुर पहड़िया निवासी विजय कुमार ने सोमवार को अपर पुलिस आयुक्त वाराणसी कमीशनरेट को सौपा ज्ञापन लगाया न्याय की गुहार ज्ञापन सौपने के उपरांत पीड़ित विजय कुमार ने कचहरी परिसर में मिडिया को बताया की मेरी पत्नी मुझे लगातार प्रताड़ित कर रही है मुझे बार-बार धमकी देती है की जहर खाकर के मर जाएंगे और पेट में पल रहे तुम्हारे बच्चे को भी मार दूंगी और तुम्हें फंसा देंगे जबकि मेरे परिवार में सिर्फ मेरी मां है और मेरी मां की सहानुभूति पूरी अपनी बहू के साथ है उसके बाद भी वह मेरी मां को भी प्रताड़ित करती है ।विजय ने कहा की कई बार स्थानीय थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाने के बाद भी थाने वाले बार-बार दबाव डालकर सुलह करा देते हैं उनके घर वाले प्रायः मुझसे बीस लाख रुपए की मांग कर रहे हैं मैं नौकरी पेशा वाला आदमी कहां से बीस लाख रुपए लाऊंगा काफी परेशान होकर मैंने अपर पुलिस आयुक्त वाराणसी को प्रार्थना पत्र देकर सारी बातों से अवगत कराया अगर भविष्य में मेरी पत्नी कोई भी घटना करती है तो उसकी जिम्मेदार मेरी पत्नी की होगी जिस पर अपर पुलिस आयुक्त वाराणसी ने आश्वासन दिया है कि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई होगी।

# 6 देशो के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में होगा विश्व नारायण महायज्ञ एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सम्मेलन

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** वृंदावन में आयोजन स्थल दावानल कुंड स्थित उड़िया बाबा आश्रम में पीपाद्वाराचार्य जगद्गुरु बलराम बाबा, महामंडलेश्वर डॉ आदित्यानंद महाराज , महंत रामदेव चतुर्वेदी, महंत चंद्र दास महाराज ,महंत रामदास महाराज ,श्री कृष्ण जन्मभूमि के मुख्य याचिका कर्ता पं दिनेश फलाहारी ने भूमि पूजन कर गणेश पूजा की। पं दिनेश फलाहारी ने संयुक्त रूप से गणेश पूजा कर भूमि पूजन किया , इस अवसर पर मुख्य संरक्षक पं बिहारी लाल वशिष्ठ ने बताया की 27 अक्टूबर को प्रातः बेला में विष्णु महायज्ञ एवं दोपहर को 2 बजे अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सम्मेलन आयोजित होगा ।

जिसमें 16 देशो के सनातनी हिंदू भाग लेंगे। यह आयोजन श्री कृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति के लिए आयोजित होगा। पं दिनेश फलहारी ने कहा कि अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, बर्मा , इंग्लैंड, मॉरीशस, नेपाल, वियतनाम, भूटान, कैलिफोर्निया, जर्मनी से प्रतिनिधि इस आयोजन को दिव्यता प्रदान करेंगे ।

भागवत आचार्य सुरेश चंद्र शास्त्री एवं अशोक शास्त्री ने कहा कि हिंदू सम्मेलन में विदेश से लेकर सभी प्रदेशों के प्रतिनिधि उपस्थित होकर सनातन धर्म की जय जयकार कर समान नागरिक कानून , परिवार नियोजन, एवं ब्रज चौरासी कोस में मुगलकालीन स्मारकों के नामकरणों को समाप्त कराकर उन्हें वैदिक सनातन परंपरा के अनुरूप रखे जाने की बात होगी । इस अवसर पर सन्यासी साध्वी राधा नंद गिरी, पंडित कुलदीप दुबे ने कहा कि अब समय आ गया है जब सनातन धर्म की पता का संपूर्ण भारतवर्ष में पहरानी होगी, राष्ट्र विरोधी शक्तियों को कुचलने के लिए युवा वर्ग कुसंगति त्याग कर सदमार्ग को अपनाये।

इस अवसर पर अनिल शास्त्री, राजेश कृष्ण शास्त्री, गिरिराज सिंह बाल्मीकि, श्रीधर पंकज, पीयूष आनंद, स्वामी अभिधानंद, ईश्वर चंद्र रावत, बिंदिया देवी, कार्यक्रम का संचालन पं राजेश पाठक ने किया।

## करी क्या हाय कर्ता ने...... ब्लॉक प्रमुख ने की दो लाख की घोषणा

**गरुड़।** दिनेश नेगी, कत्यूर रामलीला कमेटी टीटबाजार द्वारा आयोजित छठे दिन की रामलीला में शूर्पनखा के पात्र ने खूब ताली बटोरी।शूर्पनखा का नृत्य देखने भारी भीड़ उमड़ी। सभी कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को रोमांचित किया। छठे दिन की लीला में शूर्पनखा द्वारा राम लक्ष्मण की रिझाना, खर दूषण वध, मारीच रावण संवाद, सीता हरण और जटायु मरण के दृश्यों का मंचन किया गया। शूर्पनखा की भूमिका अंजलि, राम की भूमिका योगेश, लक्ष्मण की शिवम, सीता की मानक, खर की राहुल बिष्ट, दूषण की हेम वर्मा,रावण की दीपक गोस्वामी,मारीच की योगेश वर्मा और जोगी रावण की भूमिका विपिन जोशी ने निभाई। रामलीला मंचन के दौरान मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, ब्लॉक प्रमुख किशन बोरा, नगर पंचायत अध्यक्ष भावना वर्मा ने विचार रखे। ब्लॉक प्रमुख ने कमेटी को दो रामलीला कमेटी को दो लाख देने की घोषणा की।

# दिव्यांग बच्चों की कला ने बिखेरी रौशनी,रुद्रा गंजेस सोसाइटी में लगी विशेष प्रदर्शनी



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** परिवर्तन सक्षम दिव्यांग संस्थान,बच्छाँव (वाराणसी) के बच्चों द्वारा हस्त-निर्मित मोमबत्तियों, कलात्मक डिजाइनर दीयों और स्वनिर्मित खड़े गरम मसालों की एक आकर्षक प्रदर्शनी रुद्रा गंजेस सोसाइटी,पड़ाव परिसर में लगाई गई इस प्रदर्शनी में संस्थान के मूक बधिर बच्चे किशन,गौरव,हिमांशु,आंचल और चाँदनी ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन कियो इन बच्चों को विशेष शिक्षिकाओं चंद्रकला रावत और संगीता पाल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया गया जिसके परिणामस्वरूप उन्हें आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की नई पहचान मिली ।सोसाइटी के निवासियों ने बच्चों के कार्यों की सराहना करते हुए उनकी पहल को सराहा और आर्थिक सबलता की दिशा में ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करने की बात कही इस आयोजन में मैजिशियन एस.डी.(शशांक द्विवेदी) का विशेष योगदान रहा जिन्होंने बच्चों के उत्साह को और बढ़ाया।

# पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**वाराणसी।** थाना कपसेठी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर बाराडीह मोड़ के पास से मु0अ0सं0 154/ 2025 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम,1986 में वांछित अभियुक्त शशिकान्त सिंह उर्फ विक्की सिंह पुत्र स्व0 हरिहर सिंह निवासी ग्राम बाराडीह,थाना कपसेठी वाराणसी उम्र लगभग 27 वर्ष को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी पूछताछ के दौरान अभियुक्त शशिकान्त सिंह उर्फ विक्की सिंह ने बताया कि वह गैंग लीडर पंकज यादव के संपर्क में आकर पशु तस्करी जैसे अपराधों में संलिप्त हुआ था तथा अपने अपराध के लिए क्षमा मांग रहा है।उक्त अभियुक्त पूर्व में 9 अप्रैल 2025 को थाना कपसेठी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सकलपुर में बिना नम्बर प्लेट के 12 चक्का ट्रक में 17 गोवंश (15 गाय व बछड़े/बलिया) को मुँह-पैर बाँधकर ठूँसकर बध हेतु ले जाते समय पकड़ा गया थो मौके से अभियुक्त पंकज यादव व शशिकान्त सिंह को गिरफ्तार किया गया था जबकि अजय यादव व विशाल यादव उर्फ शनि मौके से फरार हो गए थे ट्रक से फर्जी नम्बर प्लेट वढ65उे 1354 बरामद की गई थी। उक्त प्रकरण में थाना कपसेठी पर मु0अ0सं0 32/2025 धारा 3/5अ/5इ/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था।

# सहकारिता विभाग के मेले में बाहरी राज्य के व्यापारियों के पहुंचने पर कांग्रेस और नगर व्यापार मंडल नाराज



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित मेला का कांग्रेस एवं व्यापारियों ने विरोध किया। आरोप लगाया कि सहकारिता के नाम पर उप्र के व्यापारियों को स्टाल दिए गये हैं। इस दौरान कुछ कांग्रेस एवं व्यापारी नेता जमीन पर लेट गए तथा नारेबाजी की।

सोमवार की शाम को केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा मेला स्थल पर पहुंचे तो कांग्रेस ने उनका विरोध किया तथा सहकारिता विभाग पर आरोप लगाया कि सहकारिता के नाम पर बाहरी राज्यों के व्यापारी यहां स्टाल लगाए हुए हैं। प्रशासन इनको बढ़ावा दे रहा है। कहा कि स्थानीय व्यापारियों एवं उत्पादकों को इसका नुकसान हो रहा है।उन्होंने भाजपा पर धन के दुरूपयोग के आरोप लगाये। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला एवं बालकृष्ण ने जमीन पर लेट कर नारेबाजी की। कोतवाल अनिल उपाध्याय ने कांग्रेसी नेताओं द्वारा किए जा रहे विरोध को रोकने के लिए काफी समझाने का प्रयास किया परंतु वे नही माने।अपनी मांग को लेकर विरोध कर रहे कांग्रेसी नेता और व्यापार मंडल के लोग भी सवाल उठाते हुए अपना पुरजोर विरोध करने लगे।वही सहकारिता विभाग के अधिकारी स्थानीय काश्तकारों शिल्पियों और उद्यमियों को मेले के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने, स्थानीय काश्तकारो के उत्पादों को बाहरी व्यापारी से बाजार उपलब्ध कराने हेतु सरकार द्वारा स्थानीय उत्पादों के उत्पादों को राष्ट्रीय बाजार में उचित स्थान दिलाने हेतु बाहरी व्यापारियों को भी स्थान देने की बात कहते हुए स्थानीय उत्पादो को उचित बाजार प्राप्त करने के उद्देश्य से मेला संचालित किए जाने की बात कही।

# शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता का जिलापंचायत अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**गरुड़, दिनेश नेगी।** मिनी स्टेडियम पुरड़ा में शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता का जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या और ब्लॉक प्रमुख किशन बोरा द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत शुभारंभ किया गया।विकासखंड गरुड़ के 25 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों एवं अशासकीय विद्यालयों से आए अंडर -14, 17 एवं 19 आयु वर्ग के बालक बालिकाओं ने प्रथम दिवस पर अपने एथलेटिक्स प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए विजय हासिल कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु अपनी दावेदारी पेश की। 1500मीटर, 100, 400, 600मीटर दौड़, लम्बी कूद, गोला क्षेपण, प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि शोभा आर्या ने सभी विद्यार्थियों को मेहनत और नियम से खेलने की सलाह दी तथा क्रीड़ा समिति को खेल आयोजन हेतु पूर्ण सहयोग के लिए आश्वस्त किया।ब्लॉक प्रमुख किशन बोरा द्वारा विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास हेतु खेल प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया और क्रीड़ा समिति को सहयोग करने का भरोशा दिया।

इस अवसर पर दिनेश बिष्ट, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य नन्दन अल्मिया,प्रवीण सजवाण और विभिन्न विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाचार्य मौजूद रहे।प्रतियोगिता में गिरीश नेगी, डॉ हरेन्द्र रावल, सोनिया गौरव, हरेन्द्र नेगी, वीरेन्द्र कुमार, ब्लॉक खेल समन्वयक राहुल खुल्वे और सुनील भट्ट आदि रहे। मंच का संचालन देवेन्द्र मेहता और बाल विवेक जोशी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

अभिलेख कार्य में नेत्र सिंह, मनोज पाण्डेय, हेम उपाध्याय, भूपेन्द्र प्रसाद, हरिमोहन कंसेरी, गिरधर मेहरा आदि रहे।

# बंदरों का आतंक से निजात दिलाने की मांग मुखर

वेलकम इंडिया



**कपकोट, तनुज तिरूवा।** नगर पंचायत कपकोट में इन दिनों बंदरों का काफी आतंक देखने को मिल रहा है यहां आये दिन बंदरों के काटने की घटनाएं बढ़ती जा रही है। स्कूलों के बच्चों व अभिभावकों में भी कटखने बंदरो के आतंक का भय बना है।बंदरो के आतंक से स्कूली छात्र अकेले स्कूल नही जा पा रहे हैं।वही स्थानीय व्यापारी भी अपने दुकान के सामान को बंदरो से बचाने की जुगत में लगे रहते हैं।बंदरो के2बढ़ते आतंक से निजात दिलाने हेतु नगर पंचायत वार्ड दो के सभासद गणेश तिरूवा के नेतृत्व में स्थानीय लोगो का शिष्टमण्डल वन विभाग के वन क्षेत्राधिकारी से मिले और ज्ञापन सौंपा। सभासद ने बताया कि दिन प्रतिदिन बंदरों के नये झुंड यहां देखने को आ रहे हैं जो बच्चों को तो छोड़ो बड़ों पर ही हमला कर रहे हैं जिनको लेकर आज उन्होंने वन विभाग को बंदरों के आतंक से शीघ्र निजात दिलाने के लिए ज्ञापन सौंपा है।वही जल्द बंदरो के आतंक से निजात नही दिलाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। वन क्षेत्राधिकारी रमेश चंद्र जोशी ने बताया कि बंदरों को पकड़ने वाली टीम को कपकोट बुला लिया गया है और तुरंत ही बंदरों को पकड़ने का काम किया जाएगा।इस दौरान पूर्व सभासद तनुज तिरूवा,पूर्व उप ग्राम प्रधान महिमन सिंह कपकोटी, दिनेश चंद्र, विपिन उपाध्याय, जगदीश जोशी, गोविंद जोशी सहित अन्य लोगों ने विभाग को ज्ञापन सौंपा।

# केंद्रीय मंत्री ने किया सहकारिता मेले का शुभारंभ

वेलकम इंडिया





27 काश्तकारों को बांटे 31.50 लाख रुपए के ब्याज रहित ऋण के चैक

**बागेश्वर गोविन्द मेहता।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा ने नुमाइशखेत में सहकारिता मेला 2025 का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया।कार्यक्रम मेंकेंद्रीय मंत्री टम्टा ने दीन दयाल उपाध्याय योजनांतर्गत 27 काश्तकारों को 31.50 लाख रुपए के ब्याज रहित ऋण के चैक और सहकारी समिति डंगोली और गरुड़ को माइक्रो एटीएम प्रदान किए। सहकारिता मेला के उद्घाटन अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अजय टमटा ने कहा कि मेले का उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं पारंपरिक उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि बागेश्वर जनपद कीवी उत्पादन में प्रथम स्थान पर होने के साथ ही मत्स्य पालन, अचार-नमकीन निर्माण तथा तांबे के बर्तनों के निर्माण में भी अग्रणी है।मेले में स्थानीय कलाकारों, बच्चों एवं महिलाओं को अपनी प्रतिभा एवं उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यशालाओं के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्टार्टअप के लिए प्रेरित किया जाएगा।जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने कहा कि सहकारिता आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम है। जनपद में कीवी, ट्राउट फिश, शहद एवं सुगंधित पौधों का उत्पादन हो रहा है। सहकारिता मॉडल के माध्यम से ब्रांड वैल्यू बढ़ाकर आर्थिक लाभ कमाया जा सकता है।उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को सहकारिता से जोड़ने व योजनाओं का लाभ उठाने के निर्देश दिए।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है, जिसका मुख्य विषय ₹सहकारिताएँ एक बेहतर विश्व का निर्माण करती हैं₹ है। उत्तराखंड सहकारिता विभाग द्वारा इस वर्ष सभी जनपदों में ₹सहकारिता मेलों का आयोजन किया जा रहा है, बागेश्वर में पांच दिन तक चलने वाले मेले की थीम सहकारिता से पर्वतीय कृषि है।

# किसान नेता ने उठाई मुजफ्फर नगर किसान कोंग्रेस रैली में मथुरा के किसानों की समस्या

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** मुजफ्फरनगर किसान रैली में पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने मथुरा के किसानों की समस्या को प्रमुखता से रखा। भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार के द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है। इसी प्रकार से मथुरा में किसानों को खाद तक नहीं मिल रहा है। किसानों को पैसे देकर के भी खाद नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते सरसों आलू की फसल की बुवाई नहीं कर पा रहे हैं।

भाजपा सरकार के द्वारा किसानों के बिजली बिल माफ करने की जो घोषणा की थी वह हवा हवाई साबित हुई डीजल के ट्रैक्टर पर 15 साल की रोक हटायी जाए आवारा जंगली जानवरों से झुड किसानों को नुकसान पहुँचा रहा है। उनका अवलंब इंतजाम किया जाए। बटाईदार व कृषि मजदूर किसानों को मनरेगा में शामिल किया जाये। मथुरा में हजारों किसान ऐसे हैं जिन पर लाखों रुपए का ट्यूबवेल का फर्जी बिल भेजा जा रहा है। और बिजली अधिकारी उनको परेशान कर रहे हैं। किसान नेता ने कहा कि यदि प्रशासन के द्वारा हालात पर काबू नहीं पाया गया तो मथुरा में भी इसी प्रकार की रैली का आयोजन करके व प्रशासन की नींद हराम कर देंगे। किसान नेता पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा को रैली के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी थी। उनके द्वारा मथुरा शामली मेरठ बागपत सहारनपुर के क्षेत्र से हजारों किसानों को रैली में ले जाया गया था। जल्द ही मथुरा में भी किसान रैली करवाने के लिए हाई कमान को तैयार कर रहे हैं उन्होंने कहा कि इस रैली में शामिल होने वाले किसानों को बागपत शामली मेरठ में किसानों को पुलिस के द्वारा रोका गया था। किसान नेता ने चेतावनी दी यदि किसी किसान के ऊपर अत्याचार किया गया तो कांग्रेस ईंट से ईंट बजा देगी रैली में जाने से स्थाऊन नेताओं को रोका गया यह बेहद गलत है इसके बाद भी कार्यकर्ता पदाधिकारी रैली में भारी संख्या में पहुंचे।

## कर्ज चुकाने के लिए रच डाली लूट की झूठी सूचना

**जहांगीराबाद।** अपने ऊपर चढ़े कर्ज को चुकाने के लिए लूट की झूठी कहानी रचने वाले ओमकार सिंह नाम के व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 31,000 रुपये नकद बरामद किए हैं। कोतवाली प्रभारी संजेश कुमार सिंह ने बताया कि 11 अक्टूबर की शाम 5:59 बजे ओमकार सिंह निवासी कुटी काजीपुरा थाना कोतवाली देहात ने डायल 112 पर कॉल करके अपनी शिकायत में बताया कि अनूपशहर-बुलंदशहर रोड पर बिरौली गांव के समीप एक सफेद वैगनआर कार में सवार चार बदमाशों ने उसके टेम्पो की डिग्गी तोड़कर 25,000 रुपये लूट लिए। उसने घटना का समय शाम लगभग 5:28 बजे बताया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक संजेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। जांच के दौरान ओमकार के बयानों में विरोधाभास सामने आए। पता चला कि उसने अपने मालिक अमित कुमार को शाम 5:08 बजे ही लूट की सूचना दे दी थी और लगातार संपर्क में था। पुलिस और स्वाट टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से ओमकार से थोड़ी कड़ाई से पूछताछ की।

# दुनिया को दिखा दें युवा शक्ति की ताकत : ब्लॉक प्रमुख

वेलकम इंडिया



**मथुरा/बलदेव।** देश को आत्मनिर्भर बनाने के सपने को साकार करने की दिशा में विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 मेगा स्कूल इनोवेशन इवेंट का सजीव प्रसारण संविलित विद्यालय महावन में ब्लॉक प्रमुख बलदेव प्रतीक भरंगर, खंड शिक्षा अधिकारी बलदेव कौशल कुमार एवं राज्य संदर्भदाता शिव कुमार की उपस्थिति में विद्यालय के छात्रों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा देखा गया व छात्रों से संवाद किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष प्रतीक भरंगर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतीक भरंगर ने कहा कि अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग और एआईसीटीई के सहयोग से शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित किए जा रहे इस प्रसारण से छात्रों के बीच नवाचार, रचनात्मकता और समस्या-समाधान को बढ़ावा मिलेगा व छात्रों को 'आत्मनिर्भर भारत', 'स्वदेशी', 'वोकल फॉर लोकल', 'समृद्धि' और 'समावेशी विकास' जैसे विषयों पर नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित मिलेगा क्योंकि यह देश का सबसे बड़ा इनोवेशन मिशन है।

खंड शिक्षा अधिकारी कौशल कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय सांस्कृतिक विरासत, विज्ञान, नैतिक मूल्य में बढ़ोतरी के साथ भारत को समृद्ध और सतत विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाना है।

इस अवसर पर कोमल प्रसाद, डॉ जगदीश पाठक, शिव कुमार, संचित कुमार आदि की उपस्थिति मुख्य रही। संचालन डॉ जगदीश पाठक ने किया।

## जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष पर ज़िला स्तरीय शिविर 15 अक्टूबर को

**मथुरा।** एल0डी0एम0 मथुरा ने अवगत कराया है कि दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक सेठ बी0एन0 पोद्दार इंटर कॉलेज के ग्राउंड में आयोजित स्वदेशी मेला में वित्त मंत्रालय द्वारा प्रारंभ ₹आपकी पूंजी, आपका अधिकार₹ जन-जागरण अभियान के अंतर्गत जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष विषय पर एक ज़िला स्तरीय जागरूकता एवं सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें, नागरिकों को अनक्लेम्ड बैंक जमा, बीमा दावे, डिविडेंड, पेंशन एवं म्यूचुअल फंड से संबंधित राशि प्राप्त करने हेतु डिजिटल हेल्पडेस्क एवं सहायता काउंटर उपलब्ध कराए जाएंगे। आवश्यकतानुसार के0वाई0सी0 अपडेट, दावा प्रपत्र भरने एवं दस्तावेज सत्यापन में भी सहयोग प्रदान किया जाएगा। मथुरा जनपद के सभी नागरिकों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर इस जनकल्याणकारी पहल का लाभ उठाएँ। यह शिविर राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार जिलाधिकारी मथुरा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अग्रणी जिला कार्यालय मथुरा द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सभी बैंक ( बैंक ऑफ बड़ोदा, केनरा बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, इन्डियन ओवरसीज बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, पंजाब नॅशनल बैंक, यू० पी० ग्रामीण बैंक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, इन्डियन बैंक ) व एल०आई०सी० का महत्वपूर्ण योगदान है।

## बहेड़ी में रेलवे का सघन चेकिंग अभियान, रेलवे सीमा में खड़े कई ई रिक्शाओं के काटे गए चालान

वेलकम इंडिया/खालिद खान



**बरेली।** बहेड़ी थाना क्षेत्र में रेलवे के मजिस्ट्रेट के आदेश पर आरपीएफ भोजीपुरा के उप निरीक्षक सुदर्शन थापा ने अपनी टीम के साथ बहेड़ी रेलवे स्टेशन पर बड़ी कार्यवाई की है। इस कार्यवाई में रेलवे स्टेशन की सीमा में अवैध रूप से खड़े ई रिक्शाओं का और बिना टिकट प्लेटफॉर्म पर घूम रहे लोगों का चालान काटा गया। रेल में महिला व विकलांग बोगी में अवैध रूप से यात्रा करने वाले तथा बिना टिकट यात्रा करने वालों व रेलवे स्टेशन जोन में सवारी भर रहे ई रिक्शाओं का भी इस दौरान रेलवे एक्ट के तहत चालान काटा गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बहेड़ी रेलवे स्टेशन पर 20 के करीब लोगों के चालान काटे गए और रेलवे पुलिस सभी को अपने साथ आरपीएफ थाना भोजीपुरा ले गई। रेलवे की इस कार्यवाई से लोगों में हड़कंप मचा रहा।

## मिशन शक्ति के तहत स्कूल में बच्चों को किया गया जागरूक

**मिजार्मुराद।** जंसा मिशन शक्ति फेज 05 के तहत मिशन शक्ति टीम थाना जंसा




द्वारा थाना क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय हाथी और बरनी इंटर कॉलेज में बालिकाओं को 360 डिग्री कार्यक्रम के तहत सरकार की ओर से जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 1930 1098 181 102 108 101 1076 व 112 के बारे में जानकारी दी साथ ही सरकार की ओर से चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाएं जैसे रानी लक्ष्मीबाई योजना, कन्या सुमंगला योजना इत्यादि के बारे में बताकर बालिकाओं को जागरूक किया गया इस कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक अनिल शर्मा, मःउप निरीक्षक मंजू चौरसिया, उप निरीक्षक रामानंद शर्मा की प्रमुख रूप से सहभागिता रही।

## पुत्र को बरामद करने की गुहार लगाई

**कांधला।** कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने कस्बे के एक व्यक्ति पर उसके पुत्र को बहला-फुसलाकर महाराष्ट्र ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर बरामद करने की कुहार लगाई है। कस्बे के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी अब्दुल हनीफ ने बताया कि उसके पुत्र हारुन को उसके मोहल्ले का ही एक व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ महाराष्ट्र ले गया। पीड़ित के पुत्र को ले जाने पर पीड़ित व उसका परिवार परेशान है। जब पीड़ित अपने पुत्र के मोबाइल पर फोन करता है तो उसको फोन नहीं उठाने देते। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर अपने पुत्र को बरामद करने की गुहार लगाई है।

## हजारों बीघा जमीन को पानी देने वाली नहर का अस्तित्व खतरे में




वेलकम इंडिया/खालिद खान

**बरेली।** बहेड़ी तहसील क्षेत्र के किसानों के खेतों की सिंचाई के लिए बनी लगभग सौ साल पुरानी नहर का अस्तित्व खतरे में है। ग्राम परोही की बड़ी नहर से निकलने वाली यह नहर जोकि मंडनपुर शुमाली, सिमरा, शाहगढ़, मोहम्मदपुर, रुड़की होते हुए गुजरती है।जिससे हजारों बीघा जमीन की सिंचाई होती रही है। नहर के आस पास के रहने वाले लोगों ने नहर की जमीन पर अवैध कब्जा कर पक्के मकान भी बना लिए हैं, लेकिन सिंचाई विभाग ने इस पर अभी तक कोई करवाई नहीं की है। जिससे लोगों के हौंसले और भी बढ़ गए हैं, आस पास के निवासी और नगर पालिका, ग्राम पंचायत आदि के सफाई कर्मी भी कूड़ा कचरा इसी नहर में डाल देते हैं। जिससे जगह जगह नहर पट चुकी है। ग्राम रुड़की के पूर्व प्रधान असलम खान का कहना है कि सिंचाई विभाग सफाई तो कराता है लेकिन ठीक से नहीं कराता। जगह जगह मिट्टी, कूड़ा करकट पटा हुआ रहता है, जिससे पानी आगे नहीं पहुंच पाता है। लोधीपुर से मोहम्मदपुर तक लोगों ने नहर की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है आगे पानी कैसे पहुंचेगा। सफाई अच्छी तरह से हो जिससे हम किसानों को सिंचाई के लिए पहले जैसा पानी मिल सके। अब देखना होगा कि इस नहर से आम किसानों को कब तक पानी नसीब हो सकेगा।

# खाद को लेकर भाकियू चढूनी का फूटा गुस्सा, किसान धरने पर बैठे, प्रशासन के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

वेलकम इंडिया



**मथुरा/बलदेव।** जनपद भर में खाद की किल्लत को लेकर भारतीय किसान यूनियन चढूनी ने सहकारी बैंक पर धरना प्रदर्शन कर सरकार पर अनदेखी के गंभीर आरोप लगाए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान के नेतृत्व में शुरू हुए धरना में जब किसानों की बात को सुनने कोई अधिकारी नहीं पहुंचा तो धरना को अनिश्चितकालीन धरना में तब्दील कर दिया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान ने कहा जब तक हमारी मांग पूरे नहीं हो जाती है तब तक धरना जारी रहेगा।

उन्होंने कहा किसानों को खेतों में होना चाहिए लेकिन वह खाद के लिए लाइन में लगने को मजबूर हैं। आनंददाताओं का क्या यही सम्मान है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार किसानों को न तो समय पर खाद उपलब्ध करा सकी और न किसानों को उनकी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य। कॉपरेटिव सचिव दमन लाल व जिला सहकारी बैंक मैनेजर राजेश्वर कुमार ने किसानों को समझाने की कोशिश की लेकिन किसानों ने सक्षम अधिकारीयों से वार्ता की मांग रखी।

जिला अध्यक्ष संजय पाराशर ने कहा सहकारी समिति पटलौनी, बरौली, मढ़ौरा, महावन सहित सभी समितियों के वितरण की जांच कराने की मांग की जाए जिला अध्यक्ष संजय पाराशर, प्रदेश महासचिव सतीश चंद्र ने कहा किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद की व्यवस्था की जाए। तत्काल हर सहकारी समिति में कम से कम दो गाड़ी खाद भेजा जाए। किसानों को खेत के रकवा के अनुसार खाद दिया जाए।

बड़े किसानों की क्या गलती है जो उनको एक बार में खाद नहीं दिया जा रहा। जिन किसानों को खेती में होना चाहिए वह लाइन में क्यों खड़े कर दिए गए हैं। टोकन के अनुसार दिया जाए। बिल्ला सिंह, कुंत भोज, राधेश्याम सिकरवार, हरपाल सिंह परिहार, हीरा सिंह, प्रकाश तोमर, सोनवीर सिंह तोमर, दिनेश तोमर, राजवीर सिंह, सत्यवीर सिंह, ओमवीर सिंह, मानसिंह, तुलसीराम, बच्चू सिंह, नवल सिंह, डॉ सत्यवीर सिंह, नेमी सिंह, प्रेम सिंह। संचालन जिला अध्यक्ष संजय पाराशर ने किया।

## पेंशनर के खाते से 2.36 लाख की साइबर ठगी गृहमंत्री अमित शाह से लगाई न्याय की गुहार

वेलकम इंडिया/संतोष बाबू गंगवार

**बरेली।** थाना इज्जतनगर निवासी एक बुजुर्ग पेंशनर के खाते से 2 लाख 36 हजार 700 रुपए की साइबर ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित ने बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में दर्ज शिकायत के बाद अब देश के गृह मंत्री अमित शाह को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। फिलहात थाना इज्जतनगर में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पुलिस जांच में जुट गई है। पीड़ित टी.टी.बी. रस्तोगी, जो बैंक ऑफ बड़ौदा की कर्मचारी नगर शाखा से दिसंबर 2015 से पेंशन ले रहे हैं, ने अपने पत्र में लिखा है कि 20 मार्च 2025 की आधी रात को उनके खाते से ?2.36 लाख की राशि धोखाधड़ी से निकाल ली गई। रस्तोगी के अनुसार, ठगी की यह रकम तीन हिस्सों में बांटकर ट्रांसफर की गई 16,700 फेसबुक इंडिया ऑनलाइन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के खाते में, 2.20.000 रुपए कोटक महिंद्रा बैंक, कोलकाता में राम कुमारी काजल नामक महिला के खाते में जमा किए गए। पीड़ित ने बताया कि 16.700 की राशि तो 25 मार्च को वापस मिल गई, लेकिन शेष 2.20 लाख अब तक वापस नहीं हो पाए। बैंक ऑफ बड़ौदा ने 21 मई को भेजे अपने पत्र में कहा कि ग्राहक ने नेट बैंकिंग का ओटीपी और लॉगिन क्रेडेंशियल साझा किया था, इसलिए बैंक किसी भी हानि का जिम्मेदार नहीं है। इस पर रस्तोगी ने कड़ी आपत्ति जताई है और सवाल उठाया है कि ₹अगर मैंने क्रेडेंशियल साझा भी किए, तो बैंक आधी रात में मेरी सावधि जमा तोड़कर इतनी बड़ी रकम ट्रांसफर कैसे कर सकता है ? क्या कोई सुरक्षा जांच नहीं होती ?

## मां काली की शोभायात्रा निकाली गई

**बुगरासी।** बुगरासी क्षेत्र के गांव रवानी कटीरी में चौथी बार मां काली शोभायात्रा का शुभारंभ बैंड बाजों व डीजे के द्वारा बडे हर्षोल्लास के साथ किया गया।कार्यक्रम आयोजक विश्व सनातन हिन्दू फाउंडेशन अध्यक्ष ज्ञानेश चौहान के नेतृत्व में हजारों लोग मां काली की शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ बसी रोड बुकलाना रोड पुराना शिव मन्दिर होती हुई गांव के मुख्य गेट पर पहुंच कर गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई पौराणिक मां काली मठ पर पहुंच कर विधिवत समापन किया गया।इस मौके पर अध्यक्ष ज्ञानेश चौहान महिला अध्यक्ष अमृता चौहान सुनील चौहान गंगाराम चौहान सुखवीर चौहान राजीव चौहान मम्मू लोधी कन्हैया लोधी अहमद डीलर मुकेश राजपूत उत्तम कुमार जितेंद्र चौहान मलखान लोधी चंद्रपाल लोधी हिमानी चौहान रजनी चौहान यशवन्त कुमार महेश चौहान मौजूद रहे।

# विधायक पूरन प्रकाश ने मंगल दल के युवाओं एवं युवतियों को प्रोत्साहन सामग्री किट का वितरण किया

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन खेल सामग्री का वितरण माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को जुपिटर हॉल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा उत्सव-2025, यूथ पार्लियामेंट-2025 के विजेता प्रतिभागियों का सम्मान, सांसद-विधायक खेल स्पर्धा का शुभारंभ, विकासखंड स्तर पर संचालित युवा संवर्धन केंद्रों का शुभारंभ, सर्वोत्कृष्ट क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र वितरण आदि किया गया।

उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट मथुरा स्थित एन0आई0सी0 में किया गया, जिसको विधायक बलदेव पूरन प्रकाश, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी प्रेम शंकर गौतम, छेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रवि बाबू शर्मा, नरेंद्र सिंह, स्वाति पाण्डेय, तरुण गौतम, कनिष्ठ सहायक राहुल कुलश्रेष्ठ तथा मंगल दल के प्रतिनिधियों द्वारा देखा गया।

जनपद मथुरा में विधायक बलदेव पूरन प्रकाश ने 10 मंगल दल के युवाओं एवं युवतियों को प्रोत्साहन सामग्री किट का वितरण किया। प्रोत्साहन सामग्री किट में परुषों को 5 फुटबाल, 5 वॉलीबाल, 1 वॉलीबाल नेट, 1 चेस्ट एक्सपेंडर, 1 एयर पंप आदि का वितरण किया गया। प्रोत्साहन सामग्री किट में महिलाओं को 5 फुटबाल, 5 वॉलीबाल, 1 वॉलीबाल नेट, 2 स्किपिंग रोप, 1 एयर पंप आदि का वितरण किया गया।

# लोकदल सदस्यता अभियान में उमड़ा जनसैलाब



वेलकम इंडिया

**कांधला।** क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी जयकुमार के आवास पर सोमवार को राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के सदस्यता अभियान को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्रभर से कार्यकताओं और समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम स्थल पर चौधरी जयंत सिंह जिंदाबाद और रालोद जिंदाबाद के नारों से पूरा माहौल लोकदलमय हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी सुरेंद्र सिंह पंवार ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष वाजिद अली ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, प्रदेश महासचिव विजय कौशिक और सदस्यता अभियान प्रभारी देशराज भनेड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय लोकदल ने हमेशा किसान, मजदूर और आम जनता के हित में कार्य किया है। पार्टी की नीतियां हमेशा ग्रामीण विकास और किसानों की खुशहाली के लिए समर्पित रही हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में लोकदल लगातार जनता की आवाज को बुलंद कर रहा है और किसान-नौजवान के हक के लिए संघर्षरत है।

कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# सागौन सिंडिकेट पर जीएसटी विभाग का छापा पांच ट्रक सीज, 50 लाख टैक्स चोरी पकड़ी

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** सस्ते दामों में सागौन फर्नीचर बेचने की आड़ में करोड़ों का काला कारोबार और टैक्स चोरी का खुलासा हुआ है। जीएसटी विभाग की विशेष टीम ने कांकर टोला में छापा मारकर फराज फर्नीचर और टीए फर्नीचर के गोदामों से पांच ट्रक सागौन की लकड़ी पकड़ी है। टीम को यह देखकर शक हुआ कि सागौन का बेड मात्र चार-पांच हजार और सोफा सेट छह हजार रुपये तक में दिखाया जा रहा था, जबकि बाजार में इसकी कीमत कई गुना अधिक है। यहीं से टैक्स चोरी की परतें खुलती चली गईं। छापे के दौरान तीन करोड़ के टर्नओवर पर 50 लाख की टैक्स चोरी पकड़ी गई। जिस पर मौके पर ही व्यापारियों से 5 लाख रुपए टैक्स की पहली किस्त के रूप में वसूली गई। इसके अलावा फजी बिल, अधूरे जीएसटी प्रपत्र और छिपाए गए स्टॉक की बुक्स सीज की गई हैं। फजी रेट दिखाने वाले सावेद अहमद और तुवीद अहमद कांकर टोला में रहते हैं। दोनों भाई हैं।अवैध तरीके से सागौन को ₹स्थानीय लकड़ी₹ बताकर बेच रहे थे। जीएसटी अधिकारियों की टीम ने जब जांच की तो पता लगा स्थानीय लकड़ी नहीं कीमती सागौन है। इसके बाद उनके प्रपत्रों की जांच की गई।

# संभल में इंडिया फ्रोजन और बरेली में मारिया फ्रोजन पर कसेगा सरकारी शिकंजा, ईडी-आईटी की संयुक्त कार्रवाई से मीट कारोबारियों में हड़कंप

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** सुबह की खुशनुमा नींद से लोग अभी जाग भी नहीं पाए थे कि काले शीशों वाली कई गाड़ियां संभल और बरेली के बाहरी इलाके से शहर की ओर दाखिल हो गई। सुरक्षाबलों से लैश स्पेशल यूनिट की इस मूवमेंट को देखकर आसपास के लोगों ने पहले तो इसे कोई वीवीआईपी काफिला समझा, लेकिन कुछ ही मिनटों बाद जब गाड़ियां सीधे 'इंडियन फ्रोजन फूड' के मालिक हाजी इरफान और उनके भाई हाजी इमरान के आवासीय परिसर में दाखिल हुई, तो लोगों को अंदाजा हो गया कि यह सरकारी एजेंसियों ने बड़ा फंदा कस दिया है। बरेली में 'मार्या फ्रोजन' स्लॉटर हाउस की ओर भी इनकम टैक्स और जीएसटी विभाग की संयुक्त टीमें तेजी से बढ़ रही थीं। सुबह 7:05 बजे, जब शटर आधा उठा था और कामगार अंदर प्रवेश कर रहे थे, तभी मौके पर तैनात अधिकारियों ने आदेश दिया कि गेट बंद, अंदर से कोई बाहर नहीं जाएगा। हाजी इरफान और हाजी इमरान के निवास, फैक्ट्री और कथित गोदामों पर एक साथ 12 लोकेशन पर छापेमारी की गई। सीबीआई के टेक्निकल यूनिट और ईडी का फॉरेन्सिक विंग भी मौके पर मौजूद था। विदेशी निर्यात, हवाला ट्रांसफर और टैक्स डॉक्यूमेंटेशन की लाइन में कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक 1000 करोड़ से अधिक के लेनदेन की जांच की जा रही है। कई खातों पर फ्रीज के आदेश दिए गए हैं। मारिया फ्रोजन के मालिक हाजी शकील कुरेशी भी इस फ्रॉड में बराबर के साझेदार बताये जा रहे हैं। दिल्ली, लखनऊ और मुरादाबाद की टीमें अलग-अलग मार्गो से पहुंचीं, ताकि कोई अलर्ट न हो पूरी कार्रवाई गोपनीय कोड ऑपरेशन के तहत की गई। स्थानीय पुलिस को सूचना तक नहीं दी गई। मोबाइल फोन, अकाउंट रजिस्टर, सालाना निर्यात रिकॉर्ड और हार्ड डिस्क जब्त किए गए। किसी को कॉल या मैसेज करने तक की अनुमति नहीं, पूरा परिसर ह्यसील मोडह्न में है। सुबह से अधिकारी अंदर हैं, हमें भी रोक दिया गया है। क्या जांच हो रही है, पता नहीं₹ ईशान, पीआरओ, मार्या फ्रोजन प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इंडियन फ्रोजन (संभल) और मार्या फ्रोजन (बरेली) के बीच निर्यात, पैकेजिंग कोड और टैक्स रिटर्न में एक जैसा पैटर्न पाया गया है। दोनों की पार्टनरशिप फाइलें अब ईडी और आईटी के पास हैं, जिनका विश्लेषण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से कराया जा रहा है। जैसे ही छापेमारी की खबर इंटरनेट मीडिया और मंडी लाइनों में वायरल हुई, मांस व्यापार से जुड़े अन्य थोक कारोबारी अचानक गायब होने लगे। कुछ ने गोदामों से रातोंरात माल शिफ्ट कराया, तो कुछ ने स्टाफ से कहा कि दुकान मत खोलना, माहौल साफ होने दो। मार्या फ्रोजन का नाम पहले भी उस वक्त सुर्खियों में आया था, जब अधिकारियों को महंगे गिफ्ट देकर निरीक्षण रिपोर्ट बदलवाने के आरोप लगे थे। प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने प्रोसेसिंग प्लांट पर नोटिस जारी कर सील का आदेश दिया था।

# मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करें किसान

वेलकम इंडिया



**चौबेपुर/वाराणसी।** खेतों में अंधाधुंध रसायनिक उर्वरकों के प्रयोग की प्रवृत्ति अब खतरनाक मोड़ पर है समय रहते यदि हम सावधान नहीं हुए तो खेती के सभी पैमाने टूटकर बिखर जायेंगे और ऐसे मे हरित क्रांति से उपजी खुशहाली खुशहाली का रंग फीका पड़ जायेगा। अब आवश्यकता इस बात की है किसान मृदा परीक्षण की रिपोर्ट के आधार पर ही उर्वरकों का प्रयोग करें।

उक्त सलाह किसानों को खण्ड तकनीकी प्रबंधक देवमणि त्रिपाठी ने सोमवार को सुंगुलपुर पंचायत भवन परिसर में कृषि विभाग द्वारा आयोजित कृषक जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को दी उन्होंने किसानों से खेतों में अधिक से अधिक जैविक खाद,हरी खाद ,कम्पोस्ट आदि प्रयोग करने की सलाह दी।

उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल के निर्देशानुसार नेशनल प्रोजेक्ट आन स्वायल हेल्थ एण्ड फर्टिलिटी कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में एडीओ कृषि केशव प्रसाद यादव ने किसानों को संतुलित उर्वरकों के प्रयोग की सलाह दी सहायक विकास अधिकारी (कृषि रक्षा) अजयेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने किसानों को फसल सुरक्षा के उपाय बताते हुए कृषि विभाग की योजनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनीष चौहान ने किसानों से कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने की सलाह देते हुए खेती में आधुनिक तकनीकों को अपनाने की अपील की।

इस दौरान तकनीकी सहायक तकनीकी प्रबंधक पंकज भास्कर,सहायक सुभाष कुमार झा,नीतीश कुमार,आरती,स्वाति राय के साथ ही वीरेंद्र मोहन चौबे,विवेक चौबे,सोहन चौबे सहित भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने का मामला, परिजनों ने डीएम से की कार्रवाई की मांग

**कांधला।** कस्बा एलम में फर्जी तरीके से मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने का मामला सामने आया है। एलम निवासी पुष्पेन्द्र पंवार ने जिलाधिकारी शामली को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि नगर पंचायत एलम ने उनके अविवाहित बड़े भाई बृजेश पंवार के मृत्यु प्रमाणपत्र में अवैध रूप से संशोधन कर एक महिला को उनकी पत्नी दशार्या है। परिजनों ने इसे संपत्ति हड़पने की साजिश बताते हुए प्रमाणपत्र को तत्काल निरस्त करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, बृजेश पंवार का निधन 27 जुलाई 2024 को हुआ था। 13 अगस्त 2024 को नगर पंचायत ने उन्हें अविवाहित मानते हुए प्रमाणपत्र जारी किया था, जिसके आधार पर संपत्ति उनकी माता सुरेश देवी के नाम दर्ज हुई थी। परिजनों का आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने मिलकर एक महिला ह्यमुनेश देवीह्न को झूठे तरीके से बृजेश की पत्नी बताकर नगर पंचायत पर दबाव बनाया और एक नया प्रमाणपत्र जारी करवा लिया। पुष्पेन्द्र पंवार ने बताया कि इस साजिश की जानकारी मिलते ही उन्होंने 25 अगस्त को आपत्ति पत्र और 9 अक्टूबर को शपथपत्र नगर पंचायत को सौंप दिया था, फिर भी 10 अक्टूबर को प्रमाणपत्र में संशोधन कर नया प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया। पीड़ित व्यक्ति ने डीएम से मामले पर संज्ञान लेकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, प्रकरण के संबंध में जब अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप के मोबाइल पर संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# ड्यूटी के दौरान होमगार्ड की हालत बिगड़ी, मेरठ रेफर



**कांधला।** थाने पर तैनात एक होमगार्ड की अचानक से तबियत बिगड़ गई आनन-फानन में नगर के राजकीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी कुलदीप पवार थाने पर होमगार्ड के पद पर तैनात है। सोमवार को कुलदीप पवार थाने पर ड्यूटी ड्यूटी करने के लिए आया हुआ था। ड्यूटी के दौरान अचानक से होमगार्ड की तबीयत बिगड़ गई और चक्कर खाकर होमगार्ड जमीन पर गिर पड़ा। थाने पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उपचार के लिए नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी होने पर होमगार्ड के परिजन भी अस्पताल में पहुंच गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में मेरठ हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।

## मामूली विवाद में दंपति के साथ मारपीट

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव डागरौल निवासी एक दंपति के साथ कई लोगों ने मारपीट कर दी मारपीट के दौरान महिला घायल हो गई घायल ने अपना प्राथमिक उपचार कर थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव डांगरौल निवासी आकाश ने बताया कि पीड़ित के गांव का एक व्यक्ति रंजिश रखता है। रंजिश के दौरान आरोपियों ने पीड़ित व उसकी पत्नी उषा को पकड़ लिया और उनके साथ धारदार हथियार से हमला कर उसकी पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देखकर मौके से फरार हो गए। घायल महिला व उसके पति ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है।

# शराब पीने के दौरान हुआ झगड़ा दो दोस्तों ने मिलकर की हत्या

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि मृतक मोनू के दो दोस्तों ने रविवार को शराब पीने के दौरान हुए झगड़े में पेचकस से वार कर उसकी हत्या कर दी। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि दूसरे की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की जांच जारी है। पुलिस को थाना ककोड क्षेत्रान्तर्गत ग्राम आलौदा जागीर में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त मोनू निवासी ग्राम आलौदा जागीर थाना ककोड जनपद बुलंदशहर के रुप में की गई। पुलिस द्वारा जानकारी करने पर यह तथ्य प्रकाश में आये कि ये तीन दोस्त थे, जो अक्सर साथ में शराब पीते थे। इन्हें रविवार को भी एक साथ में शराब पीते देखा गया था। पुलिस ने बताया कि इनमें से दो दोस्त फरार थे, जिनमें से एक दोस्त को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि कल ये एक साथ बैठकर शराब पी रहे थे, इसी दौरान इनके मध्य गाली गलौच हुई, तो इन दोनो ने मोनू पर पैचकस से वार किया जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। घटनास्थल से थोडी दूरी पर कुछ ऐसी चीजे मिली हैं जो इस घटना की पुष्टि करती हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दूसरे अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। शव के पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया हैं। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस इस मामले में दोषियों को सजा दिलाने के लिए कटिबद्ध है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और न्याय के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। पुलिस ने इस मामले में दोषियों को सजा दिलाने के लिए कटिबद्ध है।

# लायंस क्लब प्रयागराज प्रमिला का दिवाली सेलिब्रेशन धूमधाम से मनाया गया



वेलकम इंडिया

**प्रयागराज।** लायंस क्लब प्रयागराज प्रमिला ने स्टार रीजेंसी सिविल लाइंस में दिवाली सेलिब्रेशन का आयोजन किया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा लाइन त्रप्ती पंवार पवार ने कहा कि दिवाली का त्योहार हमें एकता और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है।

कार्यक्रम में क्लब की सचिव लाइन आयुषी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लाइन जया मनोहर सहित सभी क्लब सदस्य उपस्थित थे। इसके अलावा लाइन मीना रोरा, लाइन आकांक्षा जायसवाल, लाइन मुमुल सिंह, लाइन सुमैया आलम, लाइन पल्लवी अग्रवाल, लाइन विनीता अग्रवाल, लाइन रजनी द्विवेदी और लाइन मीनाक्षी भोला सहित कई सम्मानित अतिथि भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान गेम्स और नृत्य का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने जमकर मस्ती की। क्लब अध्यक्षा लाइन त्रप्ती पंवार पवार ने सभी उपस्थित सदस्यों को उपहार देकर विदा किया। सभी ने इस अवसर पर खूब मस्ती की और दिवाली की शुभकामनाएं दीं।

# मारपीट व फायरिंग प्रकरण में तीन आरोपियों को सात-सात वर्ष की सजा

**बुलंदशहर।** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत बुलंदशहर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने मारपीट व जान से मारने की नियत से फायरिंग करने के मामले में तीन आरोपियों को सात-सात वर्ष के कठोर कारावास एवं 13,500-13,500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामला वर्ष 2015 का है, जब ग्राम मुरादाबाद थाना सिकंदराबाद निवासी संजय, सुन्दर व सचिन पुत्रगण महेन्द्र ने वादिया पक्ष के साथ मारपीट कर जान से मारने की नियत से फायरिंग की थी। इस संबंध में थाना सिकंदराबाद पर मुकदमा संख्या 530/15 धारा 307, 323, 325, 506 भादवि के तहत दर्ज कर अभियुक्तों के विरुद्ध आरोपपत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। ऑपरेशन कन्विक्शनह्व के तहत मॉनिटरिंग सेल बुलंदशहर द्वारा मुकदमे की सशक्त व प्रभावी पैरवी की गई।

# विजयता सचदेवा काशी गर्व रत्न सम्मान एवं बेस्ट ब्यूटी एक्सपर्ट टॉक अवार्ड के सम्मान से सम्मानित

वेलकम इंडिया/सनी कुमार केसरवानी



**वाराणसी।** वाराणसी में गर्व फाउंडेशन द्वारा आयोजित काशी गर्व रत्न सम्मान एवं मल्लिका ए अवध श्वेत तिवारी के सौजन्य से आयोजित सेलिब्रिटी अवार्ड नाइट (सीजन 36) में शहर के नाम एक और गौरव जुड़ गया। इस अवसर पर प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाजसेवा, सौंदर्य एवं जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मिसेज एशिया विजयता सचदेवा को काशी गर्व रत्न सम्मान एवं बेस्ट ब्यूटी एक्सपर्ट टॉक अवार्ड से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि ए.के. तिवारी और ऑगेर्नाइजर अनुपम तिवारी ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण रहीं प्रसिद्ध टीवी एक्ट्रेस शिव्या पठानिया, जिन्होंने लक्ष्मी, पार्वती और सीता जैसे पवित्र किरदारों से दर्शकों के दिलों में अपनी पहचान बनाई है। शिव्या पठानिया ने ही विजयता सचदेवा को यह सम्मान प्रदान किया।

अपने संबोधन में विजयता सचदेवा ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए गर्व और प्रेरणा दोनों है। सौंदर्य तभी सार्थक है जब उसमें सामाजिक जिम्मेदारी का भाव शामिल हो। प्लास्टिक मुक्त भारत का सपना तभी साकार होगा जब हम सब मिलकर एक कदम आगे बढ़ाएं।

इस दौरान विजयता सचदेवा ने प्लास्टिक का उपयोग न करें का संदेश देते हुए जूट बैग के साथ रैंप वॉक किया और उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कई नामी हस्तियों, समाजसेवियों और ब्यूटी एक्सपर्ट्स की उपस्थिति रही, जिन्होंने विजयता सचदेवा की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि वे नारी सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण की सच्ची प्रेरणा हैं। मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने एक बार फिर यह साबित किया कि सुंदरता केवल चेहरे की नहीं, विचारों की होती है। अपने कर्म और समर्पण से उन्होंने न केवल सौंदर्य जगत में पहचान बनाई, बल्कि समाज में बदलाव की दिशा भी दिखाई है।

# नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (एनयूजे) प्रयागराज से मीडिया प्रभारी सनी केसरी और कार्यकारिणी सदस्य राकेश पाल को वाराणसी में किया सम्मानित

वेलकम इंडिया





**वाराणसी।** आयोजित विशेष सम्मान समारोह में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (एनयूजे) प्रयागराज के मीडिया प्रभारी सनी कुमार केसरी और कार्यकारिणी सदस्य राकेश कुमार पाल को उनके पत्रकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

यह सम्मान टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म की लोकप्रिय अभिनेत्री शिव्या पठानिया के हाथों प्रदान किया गया। शिव्या पठानिया, जिन्होंने अपने करियर में राधाकृष्ण में राधा, बाल शिव में मां पार्वती और राम सिया के लव कुश में माता सीता जैसे प्रतिष्ठित किरदार निभाए हैं, ने इस अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि सनी केसरी और राकेश पाल जैसे समर्पित पत्रकार समाज के लिए प्रेरणा हैं। उनका यह सम्मान पूरी पत्रकारिता के लिए गर्व का क्षण है। मैं उन्हें उज्जवल भविष्य और सफलता के लिए ढेरों शुभकामनाएं देती हूं।

इस समारोह में एनयूजे इंडिया प्रयागराज जिला इकाई के वरिष्ठ संरक्षक पवन दिवेदी संरक्षक परवेज आलम जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव जिला महामंत्री अखिलेश मनीष दिवेदी प्रवक्ता शुक्ला संगठन मंत्री चित्रांशी यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव डॉ सुधाकर त्रिपाठी धमेद्रं श्रीवास्तव बीरेद्रं श्रीवास्तव बी के यादव जिया सिदिकी बृजेश कुमार मधुर दरबारी रंजीत निषाद शिव पान्डेय असद कुरैशी मो नसीम देवाशीष श्रीवास्तव नफीस खान इशरत अली मो0 शकील खान शिव जी मालवीय अमित श्रीवास्तव पदाधिकारियो सदस्यो ने दी बधाई। इसे पत्रकारिता क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रतीक बताया।

वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में एनयूजे प्रयागराज के मीडिया प्रभारी सनी केसरी और कार्यकारिणी सदस्य राकेश पाल को पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान के लिए अभिनेत्री शिव्या पठानिया के हाथों सम्मानित किया गया।

# कुशवाहा समाज ने भरत मंदिर के पुनः निर्माण हेतु की बैठक

वेलकम इंडिया



**चिरगांव (झांसी)।** कुशवाहा समाज के चिरगांव नगर अध्यक्ष कालका प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में कुशवाहा समाज पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सदस्यों सहित नगर एवं क्षेत्रीय सम्भ्रांत लोगों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को कुशवाहा समाज के भरतलाल सरकार मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई।जिसमें भरत मंदिर के पुनः निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में समाज के सभी लोगों से सहयोग का आह्वान किया गया।

बैठक की अध्यक्षता दुर्गा प्रसाद कुशवाहा उर्फ लल्ला ने की,जबकि संचालन अर्जुन कुशवाहा ने किया। समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि भरत मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि समाज की एकता और संस्कृति का प्रतीक भी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि मंदिर निर्माण के लिए एक समिति गठित की जाएगी, जो धन संग्रह, सामग्री प्रबंधन और निर्माण कार्य की देखरेख करेगी। आगामी सप्ताह में पुनः बैठक कर निर्माण कार्य की रूपरेखा तय की जाएगी। बैठक में नगर अध्यक्ष कालका प्रसाद कुशवाहा,घनश्याम कुशवाहा, कालका तार बाबू,गजेन्द्र कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा (पिंकू) टोड़ी फतेहपुर,संदीप कुशवाहा,बृजेंद्र कुशवाहा लुधियाई,मनोज कुशवाहा, महेन्द्र कुशवाहा (बिंदी),बहादुर कुशवाहा पवन कुशवाहा,बाबूलाल कुशवाहा सूरज,बादाम कन्हैयालाल, रमेश, बच्चू कुशवाहा,राकेश कुशवाहा अंजनी पुरा,सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

# नगर पालिका की बोर्ड बैठक में कई प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से लगी मोहर

**शिकारपुर।** सोमवार को कार्यालय नगर पालिका परिषद शिकारपुर के मीटिंग हाल में अध्यक्ष राजबाला सैनी की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक आहूत की गई । जिसमें सर्वप्रथम प्रस्ताव भारत सरकार द्वारा नया जी0एस0टी0 स्लैब के अंतर्गत निर्धारित दरों पर विचार पेश किया गया।नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सितम्बर 2025 में हुई जीएसटी काउंसिल कि 56 वीं बैठक में बड़े और अहम बदलावों पर सहमति बनी जिसके अन्तर्गत काउंसिल ने 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के स्लैब पूरी तरह खत्म कर दिये है अब देश में सिर्फ दो मुख्य स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत लागू होंगे यह फैसला कारोबारियों और आम जनता दोनों के लिए काफी अहम है इससे आमजन को रोजमर्रा की चीजों पर काफी राहत मिलेगी।

# असली प्रधान चूल्हा चौका में व्यस्त देवर चला रहे प्रधानी

वेलकम इंडिया

**लखीमपुर खीरी।** जनपद खीरी की बहुचर्चित ग्राम पंचायत खमरिया का एक बहुचर्चित फजीर्बाडे का मामला जनचर्चा का विषय बना है। सूत्र बताते हैंकि ग्राम पंचायत खमरिया के घोटालेबाज और फजीर्बाडा के मास्टरमाइन्ड ग्राम प्रधान पूनम देवी व उनके कथित देवर पंकज द्वारा विपक्षी से भारी भरकम रिश्वत रासि लेकर विगत 30 वर्षों से मैगलगंज में रह रहे व्यक्ति मृतक राहुल वाजपेई पुत्र लक्ष्मीधर बाजपेई का निवास प्रमाण पत्र खमरिया का जारी कर दिया गया। जबकि राहुल वाजपेई के आधार कार्ड पर उनका पता ग्राम व पोस्ट मैगलगंज जिला खीरी राशन कार्ड, उप जिला अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र बैंक पासबुक स्कूल टीसी सहित तमाम अन्य अभिलेखीय त दस्तावेजों पर पता मैगलगंज का दर्ज कागजात है यह सब जानते हुए भी ग्राम प्रधान द्वारा नियम कानून को ताक पर रखते हुए धनबल की दम पर फर्जी निवास प्रमाण पत्र जारी कर दिया। सूत्र बताते हैं कि कागजों पर असली ग्राम प्रधान भले ही पूनम देवी हो पर प्रधानी उनके देवर द्वारा चलाए जाने की जानकारी सूत्रों द्वारा मिली है सूत्र बताते हैं की असली ग्राम प्रधान पूनम देवी चूल्हा चौका में व्यस्त रहती हैं कभी बाहर नहीं जाती हैं प्रधानी का सारा काम उनके देवर पंकज करते हैं। असली प्रधान के नकली दस्तखत बनाकर किया जा रहा फजीर्वाडा । जिसका जीता जागता सबूत दिखाते हुए शिकायतकर्ता नित्यानंद वाजपेई ने मीडिया को बताया की ग्राम प्रधान खमरिया विकासखंड पसगवां तहसील मितौली द्वारा उनके मृतक भाई राहुल वाजपेई का फर्जी तरीके से निवास प्रमाण पत्र जारी करके भ्रष्टाचार किया गया है और इसके बदले में भारी भरकम रिश्वत राशि रानी शुक्ला से वसूल किए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बात बना है।

## डीएम खीरी ने एसपी खीरी को दिया कार्रवाई का आदेश

अपनी गर्दन फंसते देख मामले की लीपापोती में लगे ग्राम प्रधान व उनके चहेते कथित दलालविकासखंड पसगवां की ग्राम पंचायत खमरिया में ग्राम प्रधान पति ने विपक्षी गणो से मिली भगत करके भारी भरकम घूष लेकर फर्जी निवास जारी कर दिए जाने का मामला अखबारी सुर्खियां बना है। मामले की शिकायत जिला अधिकारी खीरी से कर शिकायतकर्ता ने दोषी ग्राम प्रधान, प्रधान पति व मुख्य आरोपी रानी शुक्ला पुत्री राजेश शुक्ला तथा दीपू शुक्ला के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराए जाने की मांग कीहै। शिकायत का संज्ञान ग्रहण करते हुए जिला अधिकारी खीरी ने पुलिस अधीक्षक खीरी को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया है वहीं क्षेत्रीय लेखपाल मैगलगंज ने आइजीआरएस पोर्टल पर दर्ज हुई शिकायत की जांच के लिए आवेदन क्षेत्रीय लेखपाल खमरिया सुनील कुमार को हस्तांतरित कर दिए जाने की भी जानकारी दी है। यदि मामले की निष्पक्ष जांच हुई तो एक बड़े फजीर्वाडे का खुलासा होना तय है और कई लोगों पर जांच की आंच आना भी तय होगा।

## क्या कहते है ग्राम प्रधान पति दीपू राठौर

इस संबंध में जब प्रधान पति दीपू राठौर से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया की गलती से निवास प्रमाण पत्र बन गया है जिसे उन्होंने निरस्त कर दिया है जब हस्ताक्षर की बात की गई तो उन्होंने कहा कि हस्ताक्षर मैंने बनाए हैं। क्या प्रधान के हस्ताक्षर उनके पति या प्रतिनिधि को बनाने का अधिकार प्राप्त है। इतना पूछने पर उन्होंने कहा फिर जो होगा सो देखा जाएगा।

# उज्जवला सोसाइटी द्वारा महिला उद्यमी मेला 2.0 का आयोजन





**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** महिला उद्यमी मेला 2.0 उज्जवला सोसाइटी द्वारा महिला उद्यमी मेला 2.0 का आयोजन सी एम डी हाल में किया गया। उद्यमी मेला 2.0 का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद डॉ राजकुमार सांगवान द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। जिसमें सत्येंद्र त्यागी, हरेंद्र शर्मा , आकाश शर्मा, राजकुमार गुप्ता, लोकेश ढोडी, मंजू कश्यप आदि सम्मिलित रहे। मेले में महिला उद्यमियों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए जिसमें महिलाओं ने हाथ से बनाकर सजावट का सामान , धूप , अगरबत्ती , दिए, कैंडल ,अचार , ज्वेलरी, घरेलू उत्पाद, आदि के स्टाल लगाए। डॉ राजकुमार सांगवान (सांसद) ने महिलाओं को इसी तरह से आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि जहां पर भी हमारी जरूरत हो मैं साथ हूं। पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली ने कहा कि महिलाओं के लिए बहुत सारी योजनाएं हैं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमारा पूरा सहयोग रहेगा।

एसीपी अमित सक्सेना अपनी पूरी टीम के साथ मिशन शक्ति के बारे में बताया महिलाओं को सेफ कैसे रहना है सेल्फ डिफेंस के साथ-साथ योजनाओं के बारे में जानकारी होनी चाहिए ऐसा उन्होंने महिलाओं के लिए बताया। डॉ पूनम गर्ग द्वारा कहा गया कि मैं हमेशा महिलाओं के साथ खड़ी हूं और मेरा पूरा सहयोग रहेगा। समाजसेवी अरुण त्यागी ( छाया स्कूल के प्रिंसिपल) उपस्थित रहे और उनके स्कूल के बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की ।इस मौके पर राज ढींगरा , अरुण त्यागी, सुदेश शर्मा, सुदेश जैन, सत्येंद्र त्यागी महेश तायल,अनिला आर्या , सुमन चौधरी, ललित अरोड़ा( प्रदेश संयोजक पंजाबी मंच) , अपराजिता सिंह, डॉ पराग शर्मा, डॉ कविता शर्मा, डॉ रमन, डॉ अपेक्षा मित्तल, फिजियोथैरेपिस्ट रश्मी मलिक, हरिओम गुप्ता, सुनील चावला ,पवन कुमार, संघर्ष शर्मा एवं मोनिका शर्मा ,प्रदीप बॉस, दशमेश खालसा समिति पुरुष एवं महिला, लायंस क्लब, कविता गोयल , चित्रा मैडम , बालाजी अकैडमी ,कार्यक्रम सहयोगी- रिया जोसेफ, कुसुम शर्मा, शिखा भटनागर , रजनी भारद्वाज, सुशीला दहिया, कमलजीत कृतिका लखानी, गार्गी, मनन अरोड़ा ,अंशु गर्ग, उर्मिला खुराना, ज्योति खुराना, राज खुराना, पवन खुराना ,एवं बच्चों का पूरा सहयोग रहा।

# मिशन शक्ति टीम थाना निवाड़ी द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** मिशन शक्ति टीम /एंटी रोमियो टीम थाना निवाड़ी गाजियाबाद द्वारा थाना निवाड़ी के फिरोजपुर / कैथवाड़ी गांव में जाकर मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत पुलिस आयुक्त के निदेर्शानुसार महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण हेतु चौपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई ।तथा उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा या अपराध, असुरक्षा या समस्या होने पर तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, 1090,181,1930 , 108,102 ,1076,1098 आदि के उपयोग के बारे में बताया गया और सरकार के द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया।साइबर क्राइम के बारे में बताया गया और पम्पलेट वितरित किए गए ।

# जनता इंटर कॉलेज बुगरासी की छात्राओं को पुलिस ने किया जागरूक



**वेलकम इंडिया**

जनता इंटर कॉलेज बुगरासी की लगभग सौ छात्राओं को मिशन शक्ति फेज-5 के तहत जागरुक करते हुए मिशन शक्ति केंद्र परामर्श केंद्र निशुल्क विधिक सहायता हेल्पलाइन नंबरों पुलिस आपातकालीन सेवा-112, स्वास्थ्य सेवा-102, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, वूमेन हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-1076, साइबर अपराध-930 तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी विभिन्न योजनाओं के बारे में तमाम जानकारियां दी गई।

इस अवसर पर महिला उपनिरीक्षक हेमा सोलंकी उप निरीक्षक उमेश उपनिरीक्षक सक्षम ठाकुर उप निरीक्षक आसिफ राजा मिशन शक्ति अधिकार और कानून के बारे में जागरूक किया।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक एव शिक्षिकाओं ने भी भाग लिया।

# आर.के.जी.आई.टी.में बीबीए एवं बीसीए छात्रों के लिए फ्रेशर्स पार्टी का रंगारंग आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**गाज़ियाबाद, (अनिल वशिष्ठ)।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाज़ियाबाद में बीबीए एवं बीसीए विभागों के नवप्रवेशी छात्रों के स्वागत हेतु भव्य फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। समारोह में वरिष्ठ छात्रों ने नए विद्यार्थियों का स्वागत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य, गायन एवं फैशन शो के माध्यम से किया।कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में संस्थान के अध्यक्ष दिनेश गोयल, उपाध्यक्ष अक्षत गोयल, सलाहकार लक्ष्मण प्रसाद, कार्यकारी निदेशक डॉ. डी.के. चौहान, निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा डीन छात्र कल्याण एच.जी. गर्ग, प्राचार्य बीबीए/बीसीए डॉ. शिवानी त्यागी, प्राचार्य कॉलेज ऑफ फामेर्सी डॉ. मोनिका सचदेवा, डीन पुनीत चंद श्रीवास्तव और सभी विभाग के विभागाध्यक्ष




उपस्थित रहे।फैशन शो एवं टैलेंट राउंड मुख्य आकर्षण रहे, जिनमें बीबीए और बीसीए प्रथम वर्ष के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।निर्णायक मंडल द्वारा फ्रेशर्स का खिताब [आदित्य गुप्ता] (बी.सी.ए विभाग) को तथा ट२. फ्रेशर्स का खिताब [आशिता रॉयल] (बी.बी.ए विभाग) को प्रदान किया गया।विजेताओं को स्मृति चिन्ह और ताज पहनाकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर संबोधित करते हुए अध्यक्ष दिनेश गोयल ने छात्रों को मेहनत और ईमानदारी से अपने जीवन में आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।उपाध्यक्ष अक्षत गोयल जी ने कहा कि फ्रेशर्स पार्टी जैसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मीयता और आपसी सहयोग की भावना को प्रबल करते हैं।निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा एवं कार्यकारी निदेशक डॉ. डी.के. चौहान ने भी छात्रों को प्रेरित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।कार्यक्रम का संचालन छात्र गतिविधि परिषद के आकाश राजपूत, अनु धमीजा, निधि गुप्ता, रश्मि गौतम, लुबना सैफी, दीपशिखा, वैशाली,दिशा बैसला ने किया .आयोजन समिति के सदस्यो में डॉ. प्रतीक, निमित गुप्ता, गुरप्रीत कौर, ईशा जैन, नागेंद्र गौर, वाणी त्यागी, मेघना अरोड़ा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।इस भव्य स्वागत समारोह ने नवप्रेशित छात्रो में कॉलेज के प्रति लगाव और आत्मविश्वास बढ़ाने का काम किया. बीबीए एवं बीसीए छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और कॉलेज जीवन की शानदार शुरूआत करने का अवसर प्रदान किया।

# क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले -तोमर



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** डॉ विजय तोमर व डॉक्टर अजय तोमर ने कहां की क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले इसके लिए वह प्रयास रत है। डॉ विजय तोमर व डॉक्टर अजय तोमर भारत डायग्नोस्टिक सेंटर मोदीनगर पर सीटी स्कैन मशीन की पहली वर्षगांठ पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम में शहर के सम्मानित लोग शामिल हुए। क्षेत्र में लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले इसके लिए मोदीनगर की जनता के लिए बहुत ही खुशी का विषय हैव इस मौके पर मुख्य रूप से अरुण तोमर, बिट्टू खंजरपुर, डॉक्टर करणवीर,लोकेंद्र डॉक्टर अनिल गर्ग, डॉक्टर शैंकी सिंह कार्डियोलॉजिस्ट आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# अंग्रेजों के जमाने के पुल का चौड़ीकरण सरकार से मंजूरी काम चालू



**वेलकम इंडिया**

**स्याना.** तहसील के गांव भड़काऊ में अंग्रेजों के जमाने के पुल का चौड़ीकरण हो रहा है। बल्कि इस पुल को तोड़कर नया और आधुनिक पुल बनाया जा रहा हैं। हाल ही में कई जगहों पर ऐसे पुलों को तोड़कर नए पुलों के निर्माण की खबरें आई हैं।इससे यह स्पष्ट होता है कि अंग्रेजों के जमाने के पुलों को तोड़कर नए और आधुनिक पुल बनाए जा रहे हैं जो यातायात की बढ़ती मांगों को पूरा कर सकें और सुरक्षा के मानकों को पूरा कर सकें। स्याना विधानसभा विधायक देवेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि यह पुल लगभग 100 से 110 वर्ष पुराना है जिससे जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था क्योंकि वाहनों के आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था विधायक देवेंद्र सिंह लोधी ने बताया यह पुल लगभग इतनी लागत एक रोड 75लाख से बनाया जा रहा है।पुल बन जाने के बाद वाहनों के आने जाने में बहुत ही सुविधा होगी।

# 15 नवंबर को लखनऊ में होने जा रहे प्रांतीय अधिवेशन की सफलता के लिए विचार प्रकट किए

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** डिप्लोमा इंजीनियर्स पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन ग्रामीण एवं नगरीय की संयुक्त बैठक इं आर सी जैन प्रांतीय उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्मपन्न हुई। श्रेत्रीय संयोजक इं पी के जायसवाल, अति वरिष्ठ सदस्य इं एम पी भारद्वाज, गाजियाबाद के सबसे अमीर वरिष्ठ पेंशनर एवं सुविख्यात समाजसेवी इं रामवीर सिंह तोमर मंच की शोभा बढ़ा रहे थे।संचालन इं विक्रम सिंह बालियान द्वारा किया गया। आगामी 15 नवंबर को लखनऊ में होने जा रहे प्रांतीय अधिवेशन की सफलता के लिए वक्ताओं ने अपने विचार प्रकट किए। बैठक में उपस्थित सभी 35 सदस्यों ने निर्धारित शुल्क 1000 रुपए प्रति सदस्य जमा कर दिया गया।सफलता शत-प्रतिशत रही। लखनऊ चलने के लिए सदस्यों से समन्वय स्थापित करने के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की गई



जिसमें इं बी के गर्ग, इं पी के जायसवाल एवं इं विक्रम सिंह बालियान को जिम्मेदारी दी गई। वक्ताओं में ई प्रवीण कुमार तेवतिया, इं विनेश कुमार शर्मा, इं अवधेश वार्ष्णेय, इं शिवराज सिंह इं रामवीर सिंह तोमर, इं देवेंद्र अग्रवाल, इं बी के गर्ग, इं नरेश गुप्ता, इं रविन्द्र सिंह, इं हरिपाल सिंह, इं अनिल धमीजा, इं पी के अग्रवाल आदि द्वारा अधिवेशन को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ चलने पर जोर दिया गया। सदन द्वारा गाजियाबाद के सबसे धनी व्यक्तियों की सूची में प्रथम स्थान पर पहुंचने पर बधाई दी गई। समय से पेंशन, सप्तम वेतनमान, ट्रेजरी से पेंशन आहरण, कैशलेस इलाज की सुविधा, ग्रामीण एवं नगरीय को पूर्व की भांति उत्तर प्रदेश जल निगम बनाना आदि मांगे शामिल रही। वक्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया की दीपावली के त्योहार से पूर्व पांच माह से लंबित पेंशन का भुगतान कराने की कृपा करें।

# महिला सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत पुलिस आयुक्त के निदेर्शानुसार कमिश्नरेट गाज़ियाबाद के थाना मोदीनगर में महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति,एंटी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा सी एम डी हाल में उज्जवल सोसाइटी द्वारा आयोजित महिला उद्यमी मेला में सहायक पुलिस आयुक्त मोदीनगर व थाना प्रभारी मोदीनगर द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई तथा महिलाओं व बालिकाओं को प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कृत किया गया तथा उन्हें किसी भी



प्रकार की असुविधा या अपराध, असुरक्षा या समस्या होने पर तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 1930 आदि के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया व पंपलेट वितरित किए गए।

# शिवशक्ति धाम डासना बनेगा राष्ट्रीय कुश्ती का केंद्र

**गाजियाबाद।** आने वाले नवंबर महीने में गाजियाबाद राष्ट्रीय स्तर पर खेल जगत में अपनी पहचान दर्ज कराने जा रहा है। शिवशक्ति धाम डासना में आगामी 8 और 9 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन न केवल गाजियाबाद जनपद बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का अवसर होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर सोमवार को आर.डी.सी. स्थित एक रेस्टोरेंट में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन समिति के पदाधिकारी, संतजन और खेल प्रेमी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर एवं शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कुश्ती केवल एक खेल नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है। यह वह साधना है जो शरीर के साथ मन और आत्मा को भी अनुशासित करती है।

# नगर परिषद गंगापुर सिटी की पार्किंग में कबाड़ होती करोड़ों रूपयों की गाड़ियों के लिए जिम्मेदारों को मिला नोटिस - सतर्कता जांच शुरू, राजा भईया ने दर्ज कराई थी शिकायत



जारीकर्ता राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दुस्तान शिवसेना मो न–9811371054=9818951279

**वेलकम इंडिया**

**( गंगापुर सिटी)** सवाई माधोपुर जिले की तहसील गंगापुर सिटी नगर परिषद की पार्किंग में जनता की गाढ़ी कमाई से खरीदी गई ऑटोमैटिक सफाई की कई गाड़ियां महीनों से खड़ी कबाड़ होकर धूल फांक रही थीं, जिसकी शिकायत हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने जिला कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारियों को पिछले दिनों की थीं कोई कार्यवाही ना होते देख उन्होंने डीएलबी के शासन सचिव को फोटो एवं तथ्यों सहित पुनः शिकायतें दर्ज कराई थी जिस पर उनके आदेश से नगर परिषद गंगापुर सिटी के आयुक्त को तत्काल



संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के आदेश डीएलबी निदेशक सतर्कता द्वारा दिए गए, वैसे तो राजा भईया की शिकायत में स्वयं नगर आयुक्त भी आरोपी हैं परन्तु शिकायत की गंभीरता को देखते हुऐ और अपना पल्ला झाड़ते हुऐ तत्कालीन नगर आयुक्त ने नगर परिषद के संबंधित जिम्मेदार दो अधिकारियों राहुल कौशल कनिष्ठ सहायक स्टोर शाखा प्रभारी एवं पिंटूराम मीणा स्वस्थ निरीक्षक, गैराज शाखा प्रभारी को उपरोक्त बाबत नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है और तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है साथ ही दोषी पाए जाने पर एक तरफा कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी है, नोटिस की प्रति पत्रकारों को देते हुऐ एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने बताया कि नगर परिषद गंगापुर सिटी के संबंधित कर्मचारियों और स्वयं नगर आयुक्त की लापरवाही तथा गैर जिम्मेदाराना कार्य से जनता की टैक्स द्वारा दी मेहनत की कमाई और सरकार के राजस्व से ये ऑटोमैटिक सफाई की गाड़ियां शहर की सफाई व्यवस्था के लिए खरीदी गई थीं जिनकी कीमत कई करोड़ों में है परन्तु पहले दिन से ही ये सभी गाड़ियां श्री खाटू श्याम मंदिर के पास बनी नगर परिषद गंगापुर सिटी की पार्किंग में खड़ी धूल फांकते हुऐ कबाड़ हो रही हैं इनके टायर और रिम तक आधे से ज्यादा खड़े खड़े जमीन में धंस कर सड़ गए है इनके ऊपर पेड़ और झाड़ियां उग चुकी हैं तमाम पुर्जे वे जान हो चुके हैं परन्तु जिम्मेदार कर्मचारियों का इन पर कोई ध्यान नहीं है जानकार सूत्रों की माने तो इन ऑटोमैटिक गाड़ियों को चलाने के लिए नगर परिषद में एक्सपर्ट ड्राईवर तक मौजूद नहीं है, राजा भईया द्वारा जनहित में लड़ी ये लड़ाई देर से ही सही पर अब रंग लाने लगी है ये तो अब आने वाला वक्त ही बताएगा कि इस लापरवाही और नुकसान के लिए नगर परिषद के किस किस अधिकारी पर और क्या क्या कार्यवाही होगी, फिलहाल इस सतर्कता जांच से पूरे नगर परिषद में हड़कंप मचा हुआ है।

## राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने

# दीपावली पर्व पर व्यापारियों के हित में जिलाधिकारी के समक्ष रखा सुझाव

वेलकम इंडिया





**गाज़ियाबाद।** दीपावली पर्व की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी रवीन्द्र मादड़ की अध्यक्षता में हिंदी भवन में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी ने व्यापारियों की ओर से कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि दीपावली के अवसर पर शहर के प्रमुख बाजारों में खरीदारी के लिए आने वाले उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु फ्री पार्किंग व्यवस्था, बिजली आपूर्ति सुचारू रखने, तथा सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में प्रशासन को विशेष ध्यान देना चाहिए। प्रदीप चौधरी ने यह भी कहा कि दीपावली पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं और व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय व्यापार मंडल प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर इस पर्व को सफल और सुरक्षित बनाने में पूर्ण सहयोग करेगा। प्रदीप चौधरी ने कहा कि दीपावली पर स्वच्छ, सुरक्षित और सुगम बाजार व्यवस्था बनाना प्रशासन और व्यापार मंडल की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जिलाधिकारी द्वारा दिए गए सकारात्मक आश्वासनों से व्यापारियों को निश्चित रूप से राहत मिलेगी। प्रदीप चौधरी ने यह भी कहा कि हाल ही में जीएसटी दरों में कमी आने से व्यापार में बढ़ोतरी की संभावना है, जिससे दीपावली पर बाजारों की रौनक और उत्साह दोनों बढ़ेंगे। उन्होंने इसके लिए केंद्र एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक भारतीय ने शहर के मुख्य बाजार रमते राम रोड के मुख्य नाले के अर्ध-निर्माण को शीघ्र पूरा करने की मांग की, जिससे सड़क पर फैलने वाली गंदगी और जलभराव से व्यापारियों को राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने पक्के तालाब को बुजुर्गों एवं आम जनता के लिए औषधीय पार्क के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया। बैठक के दौरान प्रदीप चौधरी एवं अन्य व्यापारियों ने जिलाधिकारी के समक्ष संकल्प व्यक्त किया कि वे स्वदेशी खरीदने और बेचने की पहल स्वयं से शुरू करेंगे तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे, जिससे वोकल फॉर लोकल का संदेश घर-घर तक पहुँचे।

**बैठक में उपस्थित:** प्रदीप चौधरी (राष्ट्रीय सचिव), अशोक भारतीय (प्रदेश उपाध्यक्ष), व्यापारी नेता अतुल जैन, पंकज गर्ग, प्रीतम लाल, अनिल सांवरिया सहित अन्य पदाधिकारी एवं व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भिक्षावृत्ति करने वालों के पुनर्वास के लिए सरकार हुई सक्रिय

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मुख्यधारा से जोडे के उद्देश्य से भारत सरकार की स्माइल योजना के अंतर्गत अब जनपद में भिक्षावृत्ति कर जीवनयापन करने वाले व्यक्तियों के सर्वे, पहचान, वर्गीकरण और पुनर्वास की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ ने बताया कि इस योजना का क्रियान्वयन गैर सरकारी संस्थाओं के माध्यम से किया जाएगा, ताकि भिक्षावृत्ति में लगे लोगों को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत गैर सरकारी, सामाजिक या स्वयंसेवी संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। ये संस्थाएँ भिक्षावृत्ति में संलग्न लोगों का सर्वेक्षण करेंगी, उन्हें चिन्हित करेंगी, और फिर पुनर्वास की दिशा में कार्य करेंगी ताकि वे स्वरोजगार या कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप जनपद स्तरीय समिति के माध्यम से इन संस्थाओं का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहेगी और केवल उन्हीं संस्थाओं को शामिल किया जाएगा जो सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत विधिवत पंजीकृत हों और सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से संलग्न हों। जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी संस्थाएँ इस योजना में भाग लेना चाहती हैं, वे अपने प्रस्तावों (निवेदन पत्र) को सभी आवश्यक प्रमाणपत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रतियों सहित सीलबंद लिफाफे में आगामी 27 अक्टूबर, 2025 को शाम 4:00 बजे तक कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, गाजियाबाद विकास भवन स्थित कक्ष संख्या 111 में स्वयं जाकर या पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा करा सकती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियत समय के बाद प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। इच्छुक संस्थाएँ योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त कर सकती हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि स्माइल योजना का उद्देश्य समाज के उन वर्गों को सशक्त बनाना है जो आज भी मुख्यधारा से दूर हैं। यह योजना न केवल उन्हें भिक्षावृत्ति से मुक्त करेगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर जीवन जीने का मार्ग भी प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह प्रयास तभी सफल होगा जब समाज के विभिन्न वर्ग, विशेषकर सामाजिक संस्थाएँ, इस मुहिम में आगे आएँ। गाजियाबाद प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले को भिक्षावृत्ति मुक्त, सम्मानजनक और आत्मनिर्भर समाज के रूप में स्थापित किया जाए। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने अंत में कहा कि प्रशासन की यह पहल मानवता की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# नोएडा के थाना फेस 1 पुलिस ने, दो वर्ष से लापता दृष्टिबाधित बालक को सकुशल किया बरामद

वेलकम इंडिया




**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** जिला गौतमबुद्धनगर के थाना फेज-1 पुलिस ने 2 साल से हुए गुमशुदा हुए बालक को अथक प्रयासों से ढूंढ़ निकाला। गुमशुदा 14 वर्षीय नेत्रहीन बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जिससे कि पुलिस द्वारा इस मानवीय कृत से कई चेहरों कर खुशी का माहौल देखने को मिला है। यह बालक पिछले दो वर्षों से गुमशुदा था और इसकी गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में, डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद तथा एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला के कुशल पर्यवेक्षण में थाना फेज-1 पुलिस लगातार इस खोज प्रयास में जुटी हुई थी। पुलिस टीम ने बालक को ढूंढने के लिए न केवल विभिन्न थानों, बस अड्डों एवं रेलवे स्टेशनों पर पंपलेट चस्पा कराए, बल्कि गौतमबुद्धनगर ही नहीं, आसपास के जनपदों तक इसकी खोजबीन को विस्तार दिया। बाल आश्रमों में जाकर भी पुलिस ने पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। स्थानीय निवासियों से भी लगातार जानकारी जुटाई जाती रही। अथक प्रयासों का परिणाम आखिरकार सोमवार को सामने आया, जब पुलिस टीम ने डीएमआरसी आश्रम, दिल्ली में उक्त बालक को सकुशल खोज निकाला। बालक को थाने लाकर परिजनों को बुलाया गया और विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद परिवार के सुपुर्द कर दिया गया। अपने बच्चे को गले लगाते ही परिजन भावुक हो उठे और पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। पूछताछ में बालक ने बताया कि वह नेत्रहीन है और दो वर्ष पूर्व घर का रास्ता भूल गया था। रास्ता भटकने के बाद किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे डीएमआरसी आश्रम, दिल्ली में छोड़ दिया, जहां वह अब तक रह रहा था। पुलिस के लगातार प्रयास के चलते ही यह बालक एक बार फिर अपने घर और अपने परिजनों के पास पहुंच गया है। इसकी खोजबीन के लिए पुलिस ने सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज की जांच की और जगह-जगह टीम इसकी तलाश कर रही थी।

# चिपियाना बुजुर्ग गौतमबुद्ध नगर में किया गया शिवलिंग व शिवपरिवार की स्थापना

वेलकम इंडिया



**कपिल कुमार (गौतमबुद्ध नगर)** जैसा कि हम जानते हैं शिव की आस्था लोगो में एक अद्भुत भाव से देखी जाती है उसी संदर्भ में नवाब सिंह एन्क्लेव चिपियाना बुजुर्ग गौतमबुद्ध नगर में शिवलिंग की स्थापना कृष्ण पक्ष की सप्तमी को शुभ महुरत में की गई।

शिव पार्वती विवाह और शिव कथाएँ शिव जी से संबंधित कई कथाएँ हैं, जिनमें सबसे लोकप्रिय सोमवार व्रत कथा, शिव पुराण से जुड़ी कहानियाँ, और हाटकेश्वर (जालन्धर) जैसे असुरों से संबंधित कथाएँ हैं। इन कथाओं में भगवान शिव के भक्तों की भक्ति और शिव के आशीर्वाद के बारे में बताया गया है

सावन महीने का भगवान शिव से संबंध मुख्य रूप से देवी पार्वती द्वारा शिव को पति रूप में पाने के लिए की गई तपस्या से जुड़ा है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, पार्वती जी ने युवावस्था में इसी महीने में कठोर तपस्या करके शिवजी को प्रसन्न किया था और विवाह किया था।

इस कारण से यह महीना भक्ति और तपस्या का प्रतीक बन गया। इसके अलावा, सावन में सूर्य देव कर्क राशि में प्रवेश करते हैं और वर्षा होती है, जो शिव जी को ठंडक प्रदान करती है, जिससे उनका इस महीने से गहरा लगाव है। सावन में भक्त गंगाजल या स्थानीय जल लेकर पैदल यात्रा करते हैं और शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं। इस यात्रा को कांवड़ यात्रा कहा जाता है।

मंदिर के पुरोहित अरविन्द शास्त्री जी ने शिव महिमा का गुणगान किया एवं सुमित शर्मा, ललित शर्मा व शिवराज शर्मा एवं अन्य शिवभक्त कार्यक्रम में शामिल रहे।

# नगर निगम का 'शताब्दी संकल्प 2047 कार्यक्रम भव्य रूप से सम्पन्न




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर को 2047 तक पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर, स्वच्छ, हरित और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आयोजित शताब्दी संकल्प 2047 कार्यक्रम सोमवार को बड़े ही भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व और महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में शहर के भावी विकास की दिशा और योजनाओं का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर आयुक्त द्वारा नगर निगम की 2047 तक की कार्ययोजना के विस्तृत प्रस्तुतीकरण से हुआ।

उन्होंने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम शहर को मजबूत बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है और 2047 तक इसे पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया गया है। नगर आयुक्त ने कहा कि गाजियाबाद को धूल-मुक्त और प्लास्टिक-मुक्त बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा है और शहर को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अग्रसर किया जा रहा है।

नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम का उद्देश्य केवल विकास नहीं, बल्कि सतत और पर्यावरण-संतुलित प्रगति सुनिश्चित करना है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, वर्षा जल संचयन और मियावाकी पद्धति से पौधारोपण के माध्यम से हरियाली और स्वच्छता को बढ़ावा दिया जा रहा है। महापौर सुनीता दयाल ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित गाजियाबाद के इस समृद्धि शताब्दी पर्व में हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।

# काव्य के सुर, विद्यार्थियों ने कविताओं से बाँधा समां

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के परिसर में सोमवार को साहित्य और संवेदना का सुंदर संगम देखने को मिला। संस्थान की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई एवं डी.एल.एड. विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर-विभागीय काव्य पाठ प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी सुमधुर कविताओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में साहित्यिक अभिव्यक्ति, भावनात्मक गहराई और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कुल 24 प्रतिभागियों ने अपनी मौलिक कविताओं के माध्यम से समाज के विविध पहलुओं पर अपनी संवेदनाएँ और विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रसिद्ध कवि एवं पत्रकार डॉ. चेतन आनंद द्वारा किया गया, जिन्होंने विद्यार्थियों की रचनाओं को उनकी मौलिकता, भाषा की शुद्धता, प्रस्तुति, भाव और साहित्यिक गुणों के आधार पर परखा। उन्होंने छात्रों को कविता की तकनीकी बारीकियों जैसे रस, छंद, अलंकार और तुक पर विस्तार से समझाते हुए मार्गदर्शन भी दिया।

# 25 लाख की लागत से बने निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आदर्श स्वरूप देने के मिशन में जुटे विधायक संजीव शर्मा ने रविवार को वार्ड-22 स्थित सूर्या एन्क्लेव में सोमवार को विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने मैन गेट से लेकर अजय चौधरी के मकान तक इंटरलॉकिंग टाइल्स और नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इन निर्माण कार्यों पर लगभग 25 लाख रुपये की लागत विधायक निधि से व्यय की गई है।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय निवासियों ने विधायक संजीव शर्मा का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया और क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि विधायक के नेतृत्व में इलाके में सड़क, नाली और प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। विधायक संजीव शर्मा ने इस मौके पर कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, उस पर खरा उतरना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि शहर की जनता मेरा परिवार है, और परिवार के प्रत्येक सदस्य की सुविधा, सुरक्षा और खुशहाली के लिए मैं हर पल समर्पित हूं। उन्होंने कहा कि शहर के विकास के लिए अनेक योजनाएं तैयार हैं, और आने वाले समय में गाजियाबाद के हर वार्ड में समान रूप से विकास कार्य किए जाएंगे। हमारा लक्ष्य है कि गाजियाबाद न केवल हृष्टक्र का बल्कि पूरे प्रदेश का एक आदर्श शहर बने। विधायक के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि संजीव शर्मा के विधायक बनने के बाद से ही शहर के विभिन्न वार्डों में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। हर दिन किसी न किसी क्षेत्र में नाली, सड़क, पार्क या सामुदायिक निर्माण कार्यों का शुभारंभ या लोकार्पण किया जा रहा है। अजय चोपड़ा ने बताया कि यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा और निकट भविष्य में गाजियाबाद एक आदर्श शहर के रूप में अपनी नई पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा कि विधायक संजीव शर्मा सिर्फ नेता नहीं, बल्कि एक सच्चे जनसेवक हैं, जो जनता की समस्याओं को अपनी जिम्मेदारी मानते हैं। लोकार्पण समारोह के दौरान क्षेत्रीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय से जिन सड़कों और नालियों की स्थिति खराब थी, अब उनके सुधरने से आवागमन में सुविधा होगी और क्षेत्र की सुंदरता भी बढ़ेगी।

# अवैध वसूली पर गिरी गाज, सांसद ने लिखा पुलिस आयुक्त को पत्र

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अम्बेडकर रोड, जो शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में से एक मानी जाती है, इन दिनों अवैध पार्किंग वसूली के कारण सुर्खियों में है। शहर के बीचोंबीच स्थित इस प्रमुख मार्ग के दोनों ओर बड़े-बड़े बाजार हैं, जहां त्योहारी सीजन में खरीदारी के चलते ट्रैफिक चरम पर रहता है। इसी भीड़भाड़ को देखते हुए विधायक संजीव शर्मा ने नेहरू युवा केंद्र के अध्यक्ष राजेन्द्र मित्तल को पत्र लिखकर मैदान में अस्थायी फ्री पार्किंग की व्यवस्था कराने की मांग की थी, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके। अम्बेडकर रोड व्यापार मंडल के चेयरमैन मुकेश गोयल और प्रधान गौरव गर्ग ने भी विधायक से मुलाकात कर फ्री पार्किंग की व्यवस्था को लेकर पत्र सौंपा था। इसके बाद नेहरू युवा केंद्र के मैदान में अस्थायी पार्किंग की अनुमति दी गई, लेकिन स्थिति तब बिगड़ गई जब पार्किंग में अवैध वसूली की शिकायतें आने लगीं।

# सी पी एस यू डायरेक्टर्स वर्ल्ड फाउंडेशन के डायरेक्टर्स फाइनेंस फोरम (डीएफएफ) का दिवाली फैमिली मीट संपन्न

वेलकम इंडिया अनिल कुमार



**नई दिल्ली (संवाददाता)।** दीपावली के अवसर पर ₹डीएफएफ₹ परिवार द्वारा आयोजित दिवाली फैमिली मीट का आयोजन मयूर विहार फेज-1 एक्सटेंशन स्थित रिवरसाइड स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशनल क्लब में कार्यक्रम संचालक श्री डी सी आर्य पूर्व निदेशक वित, आई आर एफ सी, के नेतत्व मे आयोजित किया गया। आयोजन की अध्यक्षता श्री मनोज मिश्रा पूर्व सी एम डी एन एफ एक द्वारा की गई तथा कार्यक्रम दिग्दर्शक श्री दिनेश कुमार सर्राफ पूर्व सी एम डी, ओ एन जी सी/ पूर्व अध्यक्ष पी एन जी आर बी रहे। यह आयोजन पूरी तरह पारिवारिक और मनोरंजन से भरपूर रहा, जिसमें सदस्यों और उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य सदस्यों के बीच आपसी सौहार्द, अपनत्व और उत्सव की भावना को सशक्त बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की आराधना से हुआ। इसके बाद कौन बनेगा हजार पति खेला गया जिसका संचालन श्री डी सी आर्य ने किया। इस खेल के विजेता श्री सुबोध गुप्ता, श्री अतुल चतुवेर्दी और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नूतन चतुवेर्दी रहे। फिर तंबोला खेल का आयोजन किया गया, जिसे सुभाष जी पूर्व वित निदेशक सी सी आई एवं उनकी धर्मपत्नी ने संचालित किया। इस खेल में प्रथम स्थान पर संजीव शर्मा, द्वितीय पर नूतन चतुवेर्दी और तृतीय पर अनूप शर्मा रहे। वहीं मनोज मिश्रा, अंबिका नायक, गीता शर्मा, एम जी गुप्ता, सुभाष अग्रवाल, बी पी नायक, विवेकानंद और उनकी धर्मपत्नी और अन्य प्रतिभागियों ने गीत गायन और कविता पाठ में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी विजेताओं को डीएफएफ के पैट्रन डी के सर्राफ, प्रधान मनोज मिश्रा, मानद मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव दिवान चंद आर्य तथा अन्य सदस्यों ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में कौन बनेगा हजारपति जैसे मनोरंजक खेलों ने भी लोगों का खूब मनोरंजन किया। इसके साथ ही मदन गोपाल गुप्ता, सुभाष जी, अंबिका नाइक, अनूप शर्मा और अतुल ने अपनी मधुर आवाज में गीत प्रस्तुत कर माहौल को सुरमय बना दिया। उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। दिवान चंद आर्य ने कहा कि डीएफएफ परिवार के लिए यह दीपावली मिलन केवल एक उत्सव नहीं बल्कि आपसी जुड़ाव और पारिवारिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य सदस्यों और उनके परिवारों के बीच आत्मीय संबंधों को मजबूत करना है ताकि संगठन में पारस्परिक सहयोग और सकारात्मकता बनी रहे। पूरे आयोजन के दौरान हंसी, संगीत और आनंद का ऐसा वातावरण रहा जिसने दीपावली के इस पर्व को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोज और परिवारों के सामूहिक फोटो से हुआ, जिसने मिलन समारोह को और भी खास बना दिया।